आर.एन.आई. नबंर - MPHIN/2014/56594
!! श्रीकृष्ण शरणंमम !!
वर्ष-11। अंक 180। मूल्य - 2 रुपए । पृष्ठ-08 । नगर संस्करण

इंदौर, व भोपाल, रायपुर व बिलासपुर से एक साथ प्रकाशित

दैनिक आदित्य भारत
सदैव सत्य के साथ...

इंदौर, शुक्रवार, 04 जुलाई, 2025

### मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने की इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के कार्यों की समीक्षा

# बस्तर से सरगुजा तक डिजिटल क्रांति का विस्तार : सीएम साय

संवाददाता ● रायपुर



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि विकसित भारत 2047 के साथ विकसित छत्तीसगढ़ 2047 के लक्ष्यों को पूर्ण करने एवं सहज, सरल, त्वरित और पारदर्शिता के साथ सुचारू शासन की दिशा में इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी का महत्वपूर्ण योगदान है।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज मंत्रालय महानदी भवन में इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग की गहन समीक्षा बैठक ली। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रदेश के दूरस्थ क्षेत्रों, विशेष रूप से बस्तर एवं सरगुजा संभागों में नए मोबाइल टॉवर लगाने तथा फाइबर नेटवर्क लाइन बिछाने जैसे कार्यों में तेजी लाई जाए। आने वाले समय में राज्य में समय सीमा के भीतर चरणबद्ध रूप से 5,000 से अधिक मोबाइल टॉवर लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ई-डिस्ट्रिक्ट 2.0 के माध्यम से वर्तमान में विभिन्न विभागों की 85 ऑनलाइन सेवाओं का विस्तार करते हुए 250 अन्य ऑफलाइन सेवाओं को भी ऑनलाइन सेवाओं में तब्दील किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यदि योजनाओं का लाभ लोगों को घर बैठे ही ऑनलाइन प्राप्त होगा, तो इससे समय की बचत होगी तथा कार्यालय आने-जाने में होने वाला खर्च भी कम होगा। इसके साथ ही टीयर-थ्री के अनुरूप स्टेट डाटा सेंटर को अपग्रेड करने की भी बात कही गई।

मुख्यमंत्री साय ने बैठक में प्रदेश में विभाग द्वारा संचालित प्रमुख परियोजनाओं—अटल मॉनिटरिंग पोर्टल, नियद नेल्लानार एवं L.W.E. सैचुरेशन डैशबोर्ड, भारतनेट फेस-2, छत्तीसगढ़ स्टेट डाटा सेंटर (CGSDC), आधार एनरोलमेंट इन-हाउस मॉडल, ई-डिस्ट्रिक्ट 2.0, सीजी स्वान, ई-प्रोक्योरमेंट तथा कैपेसिटी बिल्डिंग सहित अन्य योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली।

इस दौरान प्रमुख सचिव श्रीमती निहारिका बारिक ने विगत सवा साल में विभाग द्वारा अर्जित महत्वपूर्ण उपलब्धियों का विवरण प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि विगत 4 वर्षों से लंबित डाटा सेंटर के अपग्रेडेशन की निविदा प्रक्रिया पूर्ण की गई, खनिज 2.0 पोर्टल का गो लाइव किया गया, वाई-फाई मंत्रालय योजना तथा ई-डिस्ट्रिक्ट पोर्टल सफलतापूर्वक शुरू हुए। इसके साथ ही भारतनेट फेज-2 परियोजना का प्रस्ताव भारत सरकार को प्रेषित किया गया एवं अटल मॉनिटरिंग पोर्टल डैशबोर्ड का निर्माण कर 19 विभागों की 100 योजनाओं के KPI इसमें प्रदर्शित किए गए हैं।

इस बैठक में इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग की प्रमुख सचिव श्रीमती निहारिका बारिक सिंह, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव राहुल भगत, चिप्स के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभात मलिक सहित विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# भारत में लोकतंत्र सिस्टम नहीं, संस्कार है : पीएम नरेंद्र मोदी

### हम दुनिया के लिए शक्ति स्तम्भ, घाना में नेशनल अवॉर्ड मिलना सम्मान की बात



एजेंसी ● एक्रॉ

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को घाना की संसद को संबोधित किया। उन्होंने कहा, 'आज इस प्रतिष्ठित सदन को संबोधित करते हुए मुझे गर्व महसूस हो रहा है। घाना में होना सौभाग्य की बात है। यह लोकतंत्र की भावना से भरी हुई धरती है। घाना पूरे अफ्रीका के लिए प्रेरणा का केंद्र है।'

मोदी ने कहा, 'भारत लोकतंत्र की जननी है। यह हमारे लिए एक सिस्टम नहीं, बल्कि संस्कार है। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में भारत दुनिया के लिए शक्ति का स्तंभ है। मजबूत भारत एक स्थिर और समृद्ध दुनिया में योगदान देगा।' PM मोदी ने कहा, 'घाना के राष्ट्रपति जॉन महामा से कल नेशनल अवॉर्ड मिलना मेरे लिए सम्मान की बात है। भारत के 140 करोड़ लोगों की ओर से, मैं इस सम्मान के लिए घाना के लोगों को धन्यवाद देता हूं। हमारी दोस्ती आपके मशहूर अनानास से भी मीठी है।'

PM मोदी 2 जुलाई से 10 जुलाई तक विदेश यात्रा पर हैं। इस दौरान वे 5 देशों में जाएंगे। घाना उनका पहला पड़ाव है। प्रधानमंत्री मोदी को बुधवार को घाना का सर्वोच्च सम्मान 'द ऑफिसर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द स्टार ऑफ घाना' दिया गया था। दोनों देशों ने 4 अलग-अलग समझौते (MoU) भी साइन किए।

### PM मोदी के संबोधन की बड़ी बातें...

- घाना G20 का स्थायी सदस्य बना। यह भारत की प्रेसीडेंसी में मुमकिन हुआ। भारत की फिलॉसिफी ह्यूमैनिटी फर्स्ट है। हम सभी के खुश रहने में यकीन रखते हैं। हमें घाना में एक ऐसा देश दिखाई देता है, जो साहस के साथ हर चुनौती का बहादुरी से सामना करता है।
- भारत लोकतंत्र की जननी है। हमारे लिए लोकतंत्र सिर्फ एक व्यवस्था नहीं, मूलभूत मूल्यों का हिस्सा है। भारत में 2,500 से ज्यादा राजनीतिक दल, अलग-अलग राज्यों में 20 अलग-अलग पार्टियों की सरकारें, 22 आधिकारिक भाषाएं और हजारों बोलियां हैं।
- हम एक उज्ज्वल और टिकाऊ भविष्य को सुरक्षित करने के लिए अफ्रीका के डेवलपमेंट फ्रेमवर्क का समर्थन करते हैं। साथ मिलकर, हम वादों और तरक्की से भरे भविष्य को आकार देंगे।
- दुनिया जलवायु परिवर्तन, महामारी, आतंकवाद और साइबर सुरक्षा जैसे नए और जटिल संकटों का भी सामना कर रही है। पिछली सदी में बनाए गए संस्थान जवाब देने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। बदलती परिस्थितियों में वैश्विक शासन में विश्वसनीय और प्रभावी सुधारों की जरुरत है।

### PM मोदी बोले- भारत-घाना के बीच 25 हजार करोड़ से ज्यादा का व्यापार

2 जुलाई को सर्वोच्च सम्मान मिलने के बाद PM मोदी ने कहा था, 'घाना से सम्मानित होना मेरे के लिए गर्व की बात है। इससे पहले उन्होंने घाना के राष्ट्रपति जॉन महामा के साथ जॉइंट स्टेटमेंट जारी किया। मोदी ने कहा कि भारत और घाना आतंकवाद को मानवता का दुश्मन मानते हैं और इसके खिलाफ मिलकर काम करेंगे।' मोदी ने कहा, 'यह युद्ध का समय नहीं है, बल्कि बातचीत और डिप्लोमेसी के जरिए समस्याओं का हल होना चाहिए। दोनों देश संयुक्त राष्ट्र (UN) में सुधारों पर एकमत हैं। इसके साथ ही दोनों ने पश्चिम एशिया और यूरोप में चल रहे संघर्षों पर चिंता जताई।' PM मोदी ने कहा, 'भारत और घाना के बीच व्यापार 25 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा हो चुका है और अगले 5 साल में इसे दोगुना करने टारगेट है।' उन्होंने घाना के राष्ट्रपति जॉन महामा को भारत आने का न्योता दिया।'

### दोनों देशों में 4 MoU साइन हुए

दोनों देशों ने चार महत्वपूर्ण समझौते (MoU) पर साइन किए। विदेश मंत्रालय के सचिव दम्मू रवि ने बताया कि ये समझौते दोनों देशों के रिश्तों को और मजबूत करेंगे।

**पहला समझौता-** विदेश मंत्रालय लेबल पर जॉइंट कमीशन बैठक की स्थापना करना।

**दूसरा समझौता-** पारंपरिक चिकित्सा के क्षेत्र में दोनों देश एक्सपर्ट्स की ट्रेनिंग और एक्सपीरियंस शेयर करेंगे।

**तीसरा समझौता-** कल्चरल एक्टिविटी से जुड़ा है, जिससे सांस्कृतिक कार्यक्रमों और पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।

**चौथा समझौता-** स्टैंडर्ड सेटिंग (प्रोडक्ट और सर्विस के लिए गुणवत्ता नियम तय करना) करना, जिससे आर्थिक सहयोग बढ़ेगा।

# उत्तराखंड- तेज बारिश के चलते चारधाम यात्रा रोकी गई

### अजमेर दरगाह के बरामदे की छत गिरी; हिमाचल के मंडी में अब तक 13 की मौत

एजेंसी ● नई दिल्ली/भोपाल



उत्तराखंड में तेज बारिश को देखते हुए चारधाम यात्रा को अस्थाई रूप से रोक दिया गया है। CM पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि जब यात्रा मार्ग श्रद्धालुओं के लिए पूरी तरह से सुरक्षित होगा, तभी आगे यात्रा शुरू की जाएगी।

उत्तराखंड में केदारनाथ मार्ग पर बुधवार रात सोनप्रयाग के पास लैंडस्लाइड हुई और रास्ता बंद हो गया। इस दौरान 40 श्रद्धालु फंस गए। SDRF की टीम मौके पर पहुंची और सभी को सुरक्षित बाहर निकाला।

मौसम विभाग ने आज राजस्थान-मध्य प्रदेश समेत 11 राज्यों में बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। राजस्थान में पिछले 4 दिन से बारिश का दौर जारी है। बुधवार को भारी बारिश के बाद अजमेर शरीफ दरगाह परिसर में 2 फीट पानी भर गया।

वहीं, भारी बारिश के दौरान दरगाह परिसर में बने बरामदे की छत का एक हिस्सा भी ढह गया। हालांकि, इस दौरान किसी को चोट नहीं आई। दरगाह कमेटी ने उस हिस्से में लोगो की आवाजाही बंद कर दी है।

हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले में बादल फटने और बाढ़ से मरने वालों की संख्या बढ़कर 13 हो गई है। अब भी 29 लोग लापता हैं। गुरुवार को 2 और शव मिले। खराब मौसम के चलते राहत कार्य में दिक्कत आ सकती है, क्योंकि मौसम विभाग ने कई जिलों में बाढ़ का अलर्ट जारी किया है।

www.adityabharat.com

हर ख़बर जरूरी है पाठक के लिए...!

दैनिक आदित्य भारत
!! श्रीकृष्ण शरणंमम !!
सदैव सत्य के साथ...
रायपुर,इंदौर व भोपाल से एक साथ प्रकाशित

आपके विचार लेख हमारी संपादकीय टीम को उचित लगता है तो जरूर प्रकाशित किया जाएगा...

mail id : editor@adityabharat.com

# बागेश्वर धाम में बड़ा हादसा
# टेंट गिरने से 1 श्रद्धालु की मौत, 4 घायल, आरती के बाद हुई घटना

एजेंसी ● छतरपुर



मध्यप्रदेश के छतरपुर जिले के विश्व प्रसिद्ध बागेश्वर धाम गढ़ा परिसर में गुरुवार सुबह हुए एक दुखद हादसे में टेंट गिरने से एक श्रद्धालु की मौत हो गई। जबकि 3 से 4 अन्य घायल हो गए। यह घटना सुबह करीब 7 बजे आरती के बाद हुई, जब श्रद्धालु बारिश से बचने के लिए टेंट के नीचे जमा हुए थे।

मृतक की पहचान उत्तर प्रदेश के अयोध्या निवासी श्यामलाल कौशल के रूप में हुई है। उनके दामाद राजेश कुमार कौशल ने बताया कि श्यामलाल के सिर में टेंट से निकला एक लोहे का एंगल लगने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। राजेश कुमार कौशल स्वयं और परिवार के अन्य सदस्य सौम्या, पारुल और उन्नति सहित 3 से 4 लोग इस हादसे में घायल हुए हैं। सभी घायलों को छतरपुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

राजेश ने बताया कि वे अपने परिवार के 6 सदस्यों के साथ बुधवार रात को ही अयोध्या से बागेश्वर धाम पहुंचे थे। शुक्रवार को धाम के पीठाधीश्वर धीरेंद्र शास्त्री का जन्मदिन है और वे गुरुवार सुबह उनके दर्शन करने के लिए पहुंचे थे। जिला अस्पताल के डॉ। नरेश त्रिपाठी ने बताया कि मृतक को बागेश्वर धाम से लाया गया था और परिजनों ने टेंट गिरने से हादसा होने की बात कही है।







# भारतीय स्टेट बैंक का 70वां स्थापना दिवस सांस्कृतिक रंगों से सजा समारोह

**संवाददाता ● भोपाल**

भारतीय स्टेट बैंक, जिसने 219 वर्षों की गौरवशाली बैंकिंग यात्रा तय की है, ने अपने 70वें स्थापना दिवस के अवसर पर भोपाल स्थित प्रशासनिक अकादमी में एक भव्य और भावनात्मक सांस्कृतिक समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि एवं वृत्त प्रमुख श्री चंद्र शेखर शर्मा (उप प्रबंध निदेशक) के साथ-साथ महाप्रबंधक श्री कुंदन ज्योति एवं महाप्रबंधक श्री ओंकारनाथ चौधरी, वरिष्ठ अधिकारीगण, एवं सेवानिवृत्त अधिकारीगण भी सम्मिलित हुए।

इसके पश्चात वृत्त प्रमुख द्वारा स्वागत भाषण दिया गया, जिसमें उन्होंने SBI की 219 वर्षों की अद्भुत यात्रा को रेखांकित किया। तत्पश्चात बैंक की विरासत पर आधारित एक वीडियो प्रस्तुति ने उपस्थित जनसमूह को गर्व और गौरव से भर दिया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की एक पंक्तिबद्ध झलकः लेडीज क्लब द्वारा नृत्य, सुश्री पल्लवी का एकल गायन, श्री सचिन लुगुन की कविता, श्री अंशुल माथुर का गीत, एवं सुश्री रेणुका एवं टीम का समूह नृत्य – सभी ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। समारोह के विशेष अवसर पर डॉ. संजय कुमार शर्मा (मा. राष्ट्रपति जी द्वारा दिव्यांगजन सशक्तिकरण पुरस्कार प्राप्त समाजसेवी) का सम्मान किया गया। साथ ही बैंक स्टाफ सुश्री जिनिता साहू (सहायक) को साइबर धोखाधड़ी से ग्राहकों को बचाने के लिए प्रशंसा पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

संध्या का सबसे मधुर और प्रतीक्षित पड़ाव रहा प्रख्यात पार्श्व गायिका सुश्री संजीवनी भेलांडे का सुरमयी लाइव गायन, जिसने पूरे वातावरण को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम का समापन उप महाप्रबंधक एवं मंडल विकास अधिकारी (डीजीएम एवं सीडीओ) श्री मनीष मठपाल द्वारा धन्यवाद ज्ञापन से हुआ। इसके पश्चात रात्रिभोज का आयोजन किया गया, जिसमें सभी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं उनके परिवारजनों ने आत्मीयता और उल्लासपूर्वक भाग लिया।

## शॉट न्यूज

### बच्चों को बांटी किताबें-शिक्षण सामग्री

**इंदौर**। अयोध्या श्रीराम वेलफेयर सोसाइटी मूसाखेड़ी इंदौर के द्वारा लगातार मानव सेवा के कार्य में अग्रिणी रहती संस्था के अध्यक्ष महेन्द्र चौहान द्वारा आज शासकीय हिन्दी प्राथमिक विद्यालय आजाद नगर में छोटे बच्चे को पट्टी पहाड़ा, वर्ण माला की पुस्तक का वितरण किया किया। इसमें मुख्य रूप संस्था के सदस्य मनोज लोधी, राजेंद्र रायकवार, अजय मालवीय, ब्रजेश, राजेश कुमावत सुरेन्द्र सिंह राजपूत, राकेश मालवीय अन्य साथी उपस्थित रहे और स्कूल की ओर से प्राचार्य शिफा खान, शिक्षिका संतोष सोलंकी के सानिध्य आयोजन हुआ। अयोध्या श्रीराम वेलफेयर सोसाइटी मूसाखेड़ी इंदौर द्वारा लगातार सेवा कार्य में बस्ती एवं सरकारी स्कूलों बच्चों की पढ़ाई, लिए किताब कापी कपड़े आदि का सहयोग करती मुख्य रूप संस्था के राजेश कुमावत ने बच्चों को मनोरंजन के साथ मनोबल बढ़ाया रोज स्कूल आने के लिए प्रेरित किया ।

### रक्तदान कर बचाएं किसी व्यक्ति की जान

**इंदौर**। रोटरी इंटरनेशनल का कार्य पूरे विश्व में एक साथ में प्रारंभ होता है। रोटरी इंटरनेशनल 3040 के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर सुशील मल्होत्रा जी ने वर्ष की शुरुआत के रूप मे समाज सेवा का अनूठा कार्यक्रम ब्लड डोनेशन शिविर का आयोजन किया है, ब्रह्माकुमारीज झोनल ऑफिस, ओम शांति भवन, इंदौर में सुबह 9:30 बजे से 1 बजे तक ब्लड डोनेशन किया गया। एमवाय हास्पिटल की अनुभवी चिकित्सा टीम ने ब्लड कलेक्शन किया। डिस्ट्रिक्ट गवर्नर ने कहा कि मुझे खुशी है की मेरे कार्यकाल का प्रारंभ ओम शांति भवन से हो रहा है इस आध्यात्मिक स्थान से हमेशा पॉजिटिव ऊर्जा का एहसास मुझे होता है। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारीज की इंदौर झोन इंचार्ज बीके आरती दीदी ने कहा कि खून कहीं बनता नहीं है। किसी फैक्ट्री में निर्माण नहीं होता है, इसलिए मानवता की सेवा के लिए ब्लड डोनेशन कैंप बहुत जरूरी है।

### पति के दूसरी महिला से संपर्क और प्रताड़ना से थी परेशान

**इंदौर**। कनाड़िया इलाके में महिला के जहर खाकर आत्महत्या के मामले में पुलिस ने सुसाइड नोट और परिजन के कथनों के आधार पर मृतका के पति और प्रेमिका सहित ससुराल पक्ष के 10 लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया। मृतका ने आत्महत्या से पहले सुसाइड नोट लिखा था, जिसमें पति के दूसरी युवती से संपर्क में होने से दुखी होने का जिक्र किया था वहीं पति, सास, ननद आदि पर भी प्रताड़ना के आरोप लगाए थे। कनाड़िया पुलिस के मुताबिक ग्राम खत्रीखेडी में रहने वाली नेहा सिसोदिया अग्रवाल पति राहुल अग्रवाल (27) ने गत दिवस जहर खाकर आत्महत्या कर ली थी। आत्महत्या से पहले उसने सुसाइड नोट भी छोड़ा था जिसमे उसने पति के दूसरी युवती से प्रेम संबंध होने और ससुराल वालों पर परेशान करने के आरोप लगाए है। दो साल पहले भी पारिवारिक विवाद के चलते उसने जहर खाकर जान देने की कोशिश की थी।





## मार्गदर्शन के कारण मैं अपनी सेवा पूर्ण किया

**भोपाल**। भारतीय स्टेट बैंक की लगभग 35 वर्षों की सेवा के उपरान्त मैं सेवानिवृत्त हों गया हूं। इस अवसर मैं आप सभी का आभार व्यक्त करता हूं, जिनके मार्गदर्शन के कारण मैं अपनी सेवा सुचारू रूप से पूर्ण कर पाया। इस सफर में आपके अपनत्व, सहयोग एवं मार्गदर्शन ने मेरे मन में अमिट छाप छोड़ी है, जिसे मैं अपने जीवन में अपनी धरोहर के रूप में सजा कर रखूंगा। मैं आपके स्वस्थ, सुखद और समृद्ध जीवन की कामना करता हूं। पुनश्चः आपका अभिनंदन सहित बहुत-बहुत आभार।

## कचरा फेंकने किया स्पॉट फाइन

**इंदौर**। झोन 11 वार्ड 60 में अपर आयुक्त अभिलाष मिश्रा द्वारा स्वयं खड़े होकर झंडा चौक की गलियों में कचरा फेंकने और गली में अतिक्रमण करने वाले रहवासी और दुकानदार पर कार्यवाही के लिए एचओ संदीप पटौदी, सीएसआई 11 सेलेश पॉल, सीएसआई 02 अनिल सिरसिया, सीएसआई 12 राजकुमार यादव, सहायक सीएसआई दिलीप लोधी, रिमूवल की टीम, डिवाइन से एनजीओ की टीम वार्ड दरोगा 60 अनिल घेंघट को मौके पर बुलाकर गंदगी, पॉलिथिन पर और कुर्सी, टेबल, जब्त कर 8 स्पॉट फाइन 43000 किए गए।

## होंडा मोटरसाइकल एंड स्कूटर इंडिया ने जून 2025 में बेचे 4,29,147 यूनिट्स

**गुरुग्राम**। होंडा मोटरसाइकल एंड स्कूटर इंडिया (HMSI) ने जून 2025 के लिए अपने बिक्री आंकड़े जारी किए। कंपनी ने इस महीने कुल 4,29,147 यूनिट्स की बिक्री की, जिसमें 3,88,812 यूनिट्स की घरेलू बिक्री और 40,335 यूनिट्स का निर्यात शामिल है। अगर अप्रैल से जून 2025 (YTD FY26) की बात करें, तो HMSI की कुल बिक्री 13,75,120 यूनिट्स रही, जिसमें 12,28,961 यूनिट्स घरेलू बिक्री और 1,46,159 यूनिट्स का निर्यात शामिल है।

**जून 2025 की प्रमुख झलकियां**: रोड सेफ्टी इनिशिएटिव्सः HMSI ने भारत में सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए 12 शहरों में जागरूकता अभियान चलाए, जिनमें शामिल हैं – जामनगर (गुजरात), सतना (मध्य प्रदेश), कोटा (राजस्थान), संगमनेर और रत्नागिरी (महाराष्ट्र), कन्याकुमारी (तमिलनाडु), गोकरना (कर्नाटक), अंबिकापुर (छत्तीसगढ़), भवानीपटना (ओडिशा), विजयवाड़ा (आंध्र प्रदेश), मिदनापुर (पश्चिम बंगाल) और गुरुग्राम (हरियाणा)। इसके अलावा, भुवनेश्वर में ट्रैफिक ट्रेनिंग पार्क की 11वीं और तिरुचिरापल्ली में 6वीं वर्षगांठ मनाई गई। HMSI ने दिल्ली ट्रैफिक ट्रेनिंग पार्क में समर कैंप का आयोजन भी किया, जिसमें बच्चों को सुरक्षित ड्राइविंग, रोड सेफ्टी गेम्स और साइक्लिंग अभ्यास जैसी गतिविधियों के माध्यम से जागरूक किया गया।

**सीएसआरः** 5 जून (विश्व पर्यावरण दिवस) से शुरू हुए 'पर्यावरण सप्ताह 2025' के तहत HMSI ने पूरे देश में अपने डीलरशिप और सर्विस नेटवर्क के जरिए कई सस्टेनेबिलिटी गतिविधियां चलाईं। इसमें ग्राहकों को पौधे वितरित करना, प्लास्टिक प्रदूषण के दुष्प्रभावों पर जागरूकता अभियान और विभिन्न शहरों में वृक्षारोपण जैसे कार्य शामिल थे।

**प्रोडक्ट अपडेट्सः** HMSI ने नया 2025 XL750 Transalp लॉन्च किया जिसकी कीमत 10,99,990 (एक्स-शोरूम, गुरुग्राम) है।

## 299 कोचों की सफल पीओएच कर उच्च कार्यक्षमता का परिचय दिया

**भोपाल**। पश्चिम मध्य रेलवे के सवारी डिब्बा पुर्ननिर्माण कारखाना (CRWS), भोपाल ने चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 के प्रथम तीन माह (अप्रैल से जून 2025) के दौरान कुल 299 कोचों का सफलतापूर्वक पीरियोडिक ओवर हॉलिंग (POH) कर उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है। इसी अवधि में जून माह के दौरान कारखाने ने 100 कोचों का पीओएच आउटर्न कर अपनी दक्षता का परिचय दिया। यह आंकड़े रेलवे बोर्ड द्वारा निर्धारित लक्ष्यों के सापेक्ष सराहनीय उपलब्धि को दर्शाते हैं। वरिष्ठ अधिकारियों की सतत निगरानी में भोपाल कारखाना प्रबंधन ने टीम भावना और सुनियोजित कार्ययोजना के साथ यह सफलता हासिल की। पीरियोडिक ओवर हॉलिंग (POH) के दौरान निम्नलिखित



कार्य किए जाते हैं: कोचों की बॉडी और अंडरगियर की मरम्मत कर परिचालन में अधिकतम सुरक्षा सुनिश्चित की जाती है। ट्रॉली, बोगी के सभी महत्वपूर्ण पार्ट्स की मरम्मत की जाती है, जो सुरक्षा की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। एयर ब्रेक सिस्टम, बफर व अन्य संरचनात्मक उपकरणों की मरम्मत की जाती है ताकि यात्रियों को झटका-रहित और सुरक्षित यात्रा का अनुभव हो सके। व्हील और एक्सल का रखरखाव और मरम्मत कर परिचालन सुरक्षा को सुदृढ़ किया जाता है।

### कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल मुंबई ने

## आधुनिक रेडिएशन टेक्नोलॉजी के साथ कैंसर उपचार में सटीकता को बढ़ाया

**संवाददाता ● मुंबई**

कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल मुंबई ने आधुनिक रेडिक्सएक्ट ट्रीटमेंट डिलीवरी सिस्टम के साथ अपनी रेडिएशन थेरपी को अपग्रेड करते हुए अपनी कैंसर उपचार क्षमताओं में लक्षणीय उन्नति हासिल की है। यह आधुनिक टेक्नोलॉजी ऑन्कोलॉजी में हॉस्पिटल की लीडरशिप को मज़बूत करती है, कैंसर उपचार में उन्नत सटीकता, सुरक्षा और अनुकूलनशीलता लाते हुए मरीज़ों को मिलने वाले परिणामों में सुधार लाया है। रेडिक्सएक्ट® ने कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल में उपलब्ध व्यापक कैंसर देखभाल सुविधाओं को मज़बूत किया है। अगली पीढ़ी की बुनियादी सुविधाओं, अंगों के अनुरूप सब-स्पेशलिटी निपुणताओं और वैश्विक स्तर पर बेंचमार्क माने जाने वाले प्रोटोकॉल इन सभी का शक्तिशाली मिलाप इस सिस्टम में है।

रेडिक्सएक्ट® सिस्टम रेडिएशन थेरपी में एक लक्षणीय उन्नति है। स्वस्थ टिश्यू को कम से कम नुकसान पहुंचाते हुए सटीक उपचार देने की क्षमता इसमें है। बिल्ट-इन स्कैनर से लैस, यह सिस्टम पूरे उपचार के दौरान ट्यूमर सही स्थिति में है यह सुनिश्चित करने के लिए रियल-टाइम इमेजिंग देता है। यह सिस्टम बहुउपयोगी है, शरीर के अलग-अलग हिस्सों में अलग-अलग प्रकार के कैंसर पर उपचार की क्षमता इसमें है। रेडिएशन के हायर डोस सुरक्षित तरीके से देकर, रेडिक्सएक्ट® उपचार की सक्षमता को बढ़ता है। इसकी सिंक्रोनी टेक्नोलॉजी शारीरिक हरकतों के अनुकूल रहते हुए, सांस लेते हुए भी सटीकता को बनाए रखती है। यह दृष्टिकोण मरीज़ों को अधिक सुरक्षित और सक्षम उपचार अनुभव प्रदान करता है।

कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल में रेडिक्सएक्ट® के लिए पूरक, भारत की एक सबसे बड़ी, प्रिसिजन ऑन्कोलॉजी टेक्नोलॉजी की असेम्ब्ली है। 300 से ज़्यादा उच्च अनुभवी और दुनिया भर में नामचीन मल्टीडिसिप्लिनरी कैंसर स्पेशलिस्ट्स की टीम इसमें तैनात की गयी है। यह हॉस्पिटल जीनोमिक ऑन्कोलॉजी में भी अग्रणी है। यहां आधुनिक मॉलिक्युलर और जीनोमिक्स लैबोरेटरी है, जिसमें 500-जीन सोमैटिक कैंसर पैनल है। यहां हर मरीज़ की खास ज़रूरतों के अनुरूप उपचार प्रोटोकॉल का पालन किया जाता है। जानकारी के आधार पर आगे बढ़ने का दृष्टिकोण उन्नत डायग्नोसिस, टार्गेटेड थेरपी और सुधारित क्लिनिकल परिणामों में मदद करता है। यह एकत्रित इकोसिस्टम सुनिश्चित करती है कि, हर मरीज़ को उन्नत तकनीक, सब-स्पेशलिटी निपुणताओं और जानकारी, आंकड़ों के आधार पर वैयक्तिक देखभाल के लाभ मिलें।

रेडिक्सएक्ट® सिस्टम में उपचार के दौरान मरीज़ की एनाटोमी या ट्यूमर की हरकतों के अनुरूप अनुकलन की क्षमता है, जिसकी वजह से ट्यूमर को, यहां तक की सांस लेते हुए भी, अधिक सटीकता से टार्गेट किया जा सकता है। अधिक सटीकता और सक्षमता के साथ, ज़्यादा से ज़्यादा और वैयक्तिक देखभाल प्रदान करने में यह उन्नत विशेषताएं क्लिनीशियन्स को मददगार साबित होती हैं। कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल अँड मेडिकल रिसर्च इन्स्टिट्यूट के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर और सीईओ, डॉ संतोष शेट्टी ने कहा, 'कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल में मरीज़ों को सबसे उन्नत और सक्षम उपचार दे पाने के लिए, हम मेडिकल नवाचार की सीमाओं को लगातार आगे बढ़ाते रहते हैं। दुनिया भर में सराहे जाने वाले, रेडिक्सएक्ट® सिस्टम को लाकर विश्व स्तर की कैंसर देखभाल प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता में हमने बहुत बड़ा कदम उठाया है।

### मेपकास्ट की गुणवत्ता आश्वासन प्रयोगशाला द्वारा जून माह में

## इंटर्नशिप सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन

**संवाददाता ● भोपाल**

मध्य प्रदेश काउंसिल ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी (MPCST) की गुणवत्ता आश्वासन प्रयोगशाला द्वारा जून माह में इंटर्नशिप सह प्रशिक्षण शीर्षक ' Hand on Training on Spectroscopy Method (AAS,UV & FTIR) का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मंदसौर यूनिवर्सिटी के फार्मेसी विभाग, बी फार्मा (अंतिम वर्ष) के तीस छात्र एवं छात्राओं ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा



मुख्य रूप से पेयजल गुणवत्ता की विधियों साथ ही उपकरणों यूवी स्पेक्ट्रोफोटोमीटर, एटॉमिक अब्सॉर्प्शन स्पेक्ट्रोस्कोपी तथा एफटीआईआर पर सैद्धांतिक एवं प्रायोगिक प्रशिक्षण प्राप्त किया। इस प्रशिक्षण के माध्यम से विद्यार्थियों को उपकरण की कार्यशैली, उपयोगिता एवं नवाचार से अवगत कराया गया ।इस कार्यक्रम अंतर्गत छात्र एवं छात्राओं को शैक्षणिक भ्रमण के लिए म.प्र.राज्य लघु वनोपज, बरखेड़ा पठानी, भोपाल ले जाया गया। प्रक्षिक्षण के अंत में परिषद् के महानिदेशक डॉ. अनिल कोठारी द्वारा प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए फार्मेसी के क्षेत्र में नए आयाम की चर्चा की गई एवं प्रतिभागियों को निरंतर आधुनिक तकनीकी से अवगत होते रहने की सलाह दी एवं प्रशिक्षण में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र प्रदान किया गया इस अवसर पर परिषद के कार्यकारी संचालक डॉ. विवेक कटारे, गुणवत्ता आश्वासन प्रयोगशाला के प्रभारी एवं प्रयोगशाला का अमला उपस्थित रहा।

### रिकॉर्ड अलर्ट: स्कोडा ऑटो इंडिया ने दर्ज की अब तक की सबसे बड़ी छमाही बिक्री


## जनवरी से जून 2025 के बीच कंपनी ने बेचीं 36,194 गाड़ियां

**2024 की पहली छमाही के मुकाबले 134% से ज्यादा की वृद्धि**

**संवाददाता ● मुंबई**

अलर्ट

स्कोडा ऑटो इंडिया ने भारत में अपने 25 साल के सफर में अब तक की सबसे ज्यादा छमाही बिक्री दर्ज की है। कंपनी ने 2025 की पहली छमाही में 36,194 से अधिक गाड़ियाँ बेचने का नया रिकॉर्ड बनाया है। स्कोडा इस साल भारत में अपनी 25वीं और दुनिया भर में 130वीं वर्षगांठ मना रही है और तेज़ी से आगे बढ़ रही है। इस उपलब्धि के बारे में स्कोडा ऑटो इंडिया के ब्रांड डायरेक्टर आशीष गुप्ता ने कहा, "हमारी ऐतिहासिक अर्धवार्षिक बिक्री दिखाती है कि भारत में ग्राहकों ने स्कोडा के प्रोडक्ट्स एवं सेवाओं को मजबूती से अपनाया है। हमारे ग्राहक हर दिन अपने आसपास की दुनिया को एक्स्प्लोर करना पसंद करते हैं। हमारे पोर्टफोलियो में कायलैक को जोड़कर, हम अब 'हर किसी के लिए एक एसयूवी' एवं हमारी सेडान गाड़ियों के जरिये उनके सफर को और बेहतरीन बना रहे हैं। हमारा मकसद भारत में अपने उत्पादों, सेवाओं एवं टचप्वाइंट्स के साथ हमारे ग्राहकों के और करीब आना है। यह उपलब्धि हमें समय पर नए उत्पाद लाकर, अपनी गाड़ियों और सेवाओं को बेहतर बनाकर, और शानदार स्वामित्व अनुभव के साथ ग्राहकों का लगातार विश्वास जीतने पर फोकस करके प्रासंगिक बने रहने के लिए प्रोत्साहित करती है।"



**बिक्री में रचा नया इतिहास** – 2025 की पहली छमाही में 36,194 से अधिक गाड़ियां बेचकर कंपनी भारत में सात शीर्ष ऑटोमोटिव ब्रांड्स में शामिल हो गई है। 2024 की रैंकिंग से इसमें चार पायदान की छलांग देखने को मिली है। इसके अलावा, स्कोडा ऑटो इंडिया ने 2022 की पिछली सर्वश्रेष्ठ अर्धवार्षिक बिक्री 28,899 गाड़ियां के आँकड़े को भी पार कर लिया है।

**ग्राहकों के और करीब** – स्कोडा ऑटो इंडिया के 2021 में 120 टचपॉइंट्स थे, जो अब बढ़कर 295 से ज्यादा हो गए हैं। कंपनी का लक्ष्य 2025 के अंत तक 350 टचपॉइंट्स स्थापित करना है, ताकि भारत में ग्राहकों को बेहतर और आसान अनुभव मिले।स्वामित्व के दौरान मानसिक सुकून देने के लिए, स्कोडा ऑटो इंडिया ने अपने सभी उत्पादों पर श्रेणी में अग्रणी स्टैण्डर्ड वारंटी प्रदान की है, इसके अलावा कई एक्सटेंडेड वारंटी व मेंटेनेंस पैकेज दे रही है।

### हर किसी के लिए एसयूवी और सेडान विरासत को बनाए रखते हुए

स्कोडा ऑटो इंडिया ने 2025 की शुरुआत काइलैक के लॉन्च के साथ की, जो ग्राहकों के लिए इसका पहला 4 मीटर से छोटा एसयूवी है। यह गाड़ी स्कोडा परिवार में एक नया और किफायती विकल्प है, जो बड़े शहरों (टियर 1) में ब्रांड की पहुंच को बढ़ाने और छोटे शहरों (टियर 2 और 3) में विस्तार करने में मदद कर रहा है। इसके बाद दूसरी पीढ़ी का कोडिएक लग्जरी 4□4 लॉन्च किया गया। कुशाक के साथ, स्कोडा के पास अब देश भर में ग्राहकों की अलग-अलग परिवहन जरुरतों को पूरा करने के लिए एसयूवी की व्यापक रेंज है। स्कोडा स्लाविया सेडान के साथ अपनी सेडान गाड़ियों की परंपरा को भी मजबूत कर रहा है और जल्द ही भारत में एक विश्व प्रसिद्ध मॉडल लॉन्च करने वाला है। इसके अलावा, स्कोडा ऑटो इंडिया अपनी सभी गाड़ियों में सबसे आधुनिक ऑटोमैटिक और डायरेक्ट इंजेक्शन टर्बोचार्ज्ड इंजन भी उपलब्ध कराता है। इससे ग्राहकों को गाड़ी चलाने का एक सुविधाजनक, आरामयदायक, सुरक्षित और आनंददायक अनुभव मिलता है।




**चंद्रभागा पुल से कलाईकुई मस्जिद तक बनाई जा रही रोड की रफ्तार बहुत धीमी है। इस कारण यहां के रहवासियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। रहवासियों में आक्रोश भी देखा जा रहा है।**

## शॉट न्यूज

### राहुल बन होटल में ठहरा फहीम अली पकड़ाया

**इंदौर।** हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं ने एक होटल में राहुल बनाकर रुके फहीम अली को पकड़ा और जमकर धुनाई कर पुलिस के हवाले कर दिया। फहीम के मोबाइल में लड़कियों के आपत्तिजनक फोटो भी मिले। पुलिस ने केस दर्ज किया। हिंदू संगठन के मानसिंह राजावत और अन्य कार्यकर्ताओं ने चिकित्सक नगर स्थित होटल गोल्डन स्काई से फहीम अली निवासी भोपाल को पकड़ा। उसके साथ हिंदू लड़की भी थी। फहीम ने राहुल जायसवाल के नाम से कमरा बुक किया था। हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं ने उसका पर्स और मोबाइल चेक किया। पर्स में निकले आधार कार्ड से उसके फहीम होने की पुष्टि हुई तो उसके मोबाइल से एमडी ड्रग्स हथियार और एक दर्जन से अधिक लड़कियों के अश्लील फोटो और 30 से ज्यादा लड़कियों के साथ चैटिंग मिली है। हिंदू संगठन के राजावत ने बताया कि आरोपी फहीम अली प्रदेश में सक्रिय लव जिहाद के गिरोह से जुड़ा है, क्योंकि उसके पास से 30 से ज्यादा लड़कियों के संपर्क में होने के सबूत मिले हैं।

### मकान पर कब्जा करने का प्रयास

इंदौर । पाटनीपुरा इलाके में स्थित एक प्राचीन मंदिर के पास मकान पर कब्जा करने पहुंचे लोगों को पुलिस ने शिकायत के आधार पर उन्हें खदेड़ा दिया। प्रिंटिंग प्रेस में काम करने वाले हरीश पिता विष्णु पवार ने बताया कि वह पिछले 40 सालों से जीण माता मंदिर के पास परिवार के साथ रहता है। उसके मुताबिक बारिश के चलते मकान का रिपेयरिंग का काम चल रहा था बुधवार दोपहर क्षेत्र में रहने वाले बबलू चोपड़ा के परिवार की महिलाएं लड़कों के साथ उनके घर में घुस गई और परिजन को धमकाया कि यहां मकान हमारा है। यहां बाद आसपास के लोगों को लगी तो वे थाने पहुंचे। हरीश पवार ने मकान खुद का होना बताते हुए दस्तावेज पेश किए। पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और कब्जा करने पहुंचे लोगों को खदेड़ दिया। क्षेत्र के रहवासियों ने थाने में पहुंचकर हरीश पवार के पक्ष में कहा कि वह वर्षों से इसी मकान में रहते हैं।

### गोल्डन होम का वीडियो बनाने वाले को उद्योगपति का नोटिस

**इंदौर।** इंदौर का एक घर सोशल मीडिया में गोल्डन होम के नाम से फेमस हो गया। इस घर का वीडियो एक कंटेट क्रिएटर ने मकान मालिक के साक्षात्कार के साथ शूट किया था। अब इस पर विवाद हो गया है। मकान मालिक का आरोप है कि वीडियो में तथ्य बढ़ा-चढ़ाकर पेश किए गए हैं, जबकि हकीकत बिलकुल अलग है। मकान मालिक एक उद्योगपति हैं। उन्होंने कंटेट क्रिएटर को लीगल नोटिस दिया है। इंदौर की आलीशान कोठी का एक वीडियो सोशल मीडिया में अपलोड होते ही छा गया। सोशल मीडिया में इसे लाखों लोगों ने देखा। वीडियो देखने वालों ने कहा कि ये गोल्डन होम है। अब इस वीडियो बनाने वाले को मकान मालिक ने लीगल नोटिस जारी किया है। इस नोटिस में मकान मालिक ने कहा है कि घर कई साल पुराना है। इसमें सोने का इस्तेमाल नहीं किया गया है। मकान मालिक का आरोप है कि वीडियो में बढ़ा-चढ़ाकर बातें बताई गई हैं।

### समस्याएं रोज आ रही सामने शिवाजी मार्केट सहित अन्य मल्टी लेवल पार्किंग के लिए फिर जारी होंगे टेंडर

# निगम के कार्यों से ठेकेदार और एजेंसियां बना रही दूरी

**संवाददाता ● इंदौर**

**टेंडर**

नगर निगम की शाख दिनों-दिन गिरती जा रही है। जहां एक और ठेकेदार निगम के काम से दूरी बना रहे हैं वहीं अब दूसरी और निगम की पार्किंग का कॉन्ट्रैक्ट लेने में भी फॉर्म हिचक रही है। इसी का कारण यह है कि निगम को मल्टी लेवल पार्किंग कॉन्ट्रैक्ट पर देने के लिए बार-बार टेंडर जारी करना पड़ रहे हैं। ऐसा प्रतीत हो रहा है कि निगम के काम से आम ठेकेदार और एजेंसियों का मोह भंग होता जा रहा है।

जानकारी अनुसार शहर के मध्य क्षेत्र में वाहन पार्किंग की बहुत समस्या है। इस कारण यहां मल्टी लेवल पार्किंग निगम द्वारा बनाई गई है। हालांकि यह देखा जा रहा है कि लॉग इन पार्किंग में वहां काम खड़े करते हैं और विवाद ज्यादा करते हैं शायद यही कारण है कि इन पार्किंग को कॉन्ट्रैक्ट पर लेने में किसी की रुचि नहीं है। निगम द्वारा सुभाष चौक, सत्यसांई चौराहा के पास, रघुनाथ पेट्रोल पंप के पास एक बड़ी होटल के पास आदि जगह मल्टी लेवल पार्किंग का संचालन नगर निगम कर रहा है, लेकिन अब इसे नए सिरे से ठेके पर देने की तैयारी है। इसके अलावा प्रेमसुख टाकीज के पास, बजाज खाना चौक और इंदौर प्रेस क्लब के पास एमजी रोड स्थित प्रमुख पार्किंग जो कंपनी चला रही है उसका ठेका भी इसी महीने खत्म होने जा रहा है। जल्द ही फिर टेंडर जारी होने जा रहे हैं कि कोई नई कंपनी ठेका लेने को तैयार नहीं है। वास्तविकता यह है कि अभी तक कोई कंपनी इस पार्किंग को चलाने के लिए ठेका लेने नहीं आ रहे हैं। इसके पीछे कारण यह बताए जा रहे हैं कि एक तो व्यापारी व अन्य वाहन चालक यहां पर अपने वाहन खड़े नहीं करते हैं। दूसरे कुछ लोग वाहन खड़े भी करते हैं तो पैसे देने हुज्जत और विवाद करते हैं जिसके चलते कंपनी को घाटा हो रहा है। यही कारण है कि अब जो भी पार्किंग के लिए टेंडर निकाले जा रहे हैं उनको कोई लेने को तैयार नहीं है। इधर प्रमुख रूप से निगम मुख्यालय के पास शिवाजी मार्केट, बजाज खाना चौक और प्रेमसुख टाकिज के पास, इंदौर प्रेस क्लब के पास जो है उसके लिए टेंडर फिर जारी होंगे, क्योंकि इसी महीने इन सबका ठेका भी समाप्त होने जा रहा है।



#### अस्त-व्यस्त पार्क कर देते हैं वाहन

बताया जा रहा है कि पार्किंग में शुल्क न लगने पर लोग गाड़ियां अस्त व्यस्त खड़े कर देते हैं। वाहनों को खड़े करने को लेकर कोई सीमा निर्धारित नहीं होने के कारण जो जहां जगह मिलती है लोग वहां गाड़ी खड़ी कर देते हैं और विवाद की स्थिति बन जाती है। रोजाना यही स्थिति शहर भर में देखने को मिल रही है। मामले में अभी तक कुछ भी सुधार नजर नहीं आ रहा है। निगम के मार्केट अधिकारियों के मुताबिक मल्टी लेवल पार्किंग को लेकर फिर से टेंडर जारी होंगे और जो ठेके खत्म हो रहे हैं उस संबंध में भी अधिकारियों के मामला संज्ञान में लाया जाएगा।

### ये कैसी इंजीनियरिंग, एक वर्ष में धंस गई 25 साल की गारंटी वाली सड़क

**इंदौर।** जनता से टैक्स के रूप में पैसा लेकर नगर निगम किस तरह बर्बाद करता है इसका उदाहरण अब इंदौर में सड़क घोटाले के रूप में सामने आ रहा है। करोड़ों रुपये की लागत से तैयार सड़कों का एक साल में दम टूट गया। 25 साल के दावे के साथ बनाई गई ये सड़कें दो इंच तक धंस गईं। ठेकेदार नगर निगम को सड़कें सुपुर्द करके जा चुका है। सड़कों के धंसने से आई दरारों की वजह से रोजाना सैकड़ों वाहन चालक फिसलकर गिर रहे हैं। नगर निगम ने शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में सड़कों का चौड़ीकरण करते हुए कंक्रीट की सड़कें बनाई हैं। पिछले सात वर्ष में इन सड़कों के निर्माण पर 500 करोड़ रुपये से अधिक राशि खर्च की जा चुकी है। सड़क निर्माण के समय दावा किया गया था कि इन सड़कों को आने वाले 25 सालों तक रखरखाव की आवश्यकता नहीं पड़ेगी, लेकिन वे सड़कें भी दम तोड़ने लगी हैं, जिनका निर्माण एक वर्ष पहले ही हुआ था। फूटी कोठी से महूनाका तक लगभग दो किमी लंबी इस सड़क का निर्माण सात वर्ष पहले हुआ था। तीन माह पहले अचानक यह सड़क धंसने लगी। कई जगह यह सड़क दो इंच से ज्यादा तक धंस चुकी है। इस वजह से दिनभर वाहन चालक गिरते हैं। लगभग एक किमी लंबी इस सड़क का निर्माण पांच वर्ष पहले हुआ था। यह सड़क भी जगह-जगह धंस रही है। कुछ जगह तो एक इंच तक धंस चुकी है। लगातार हादसे हो रहे हैं। एयरपोर्ट क्षेत्र की साठ फीट रोड का निर्माण तो एक वर्ष पहले ही हुआ है, बावजूद इसके यह लगातार धंस रही है। रहवासियों ने बताया कि आए दिन हादसे होते रहते हैं।

### बच्चों ने सवाल भी पूछे

## छात्र-छात्राओं को समझाए ट्रैफिक के नियम



**संवाददाता ● इंदौर**

**नियम**

ट्रैफिक पुलिस की टीम स्कूली छात्र-छात्राओं के बीच पहुंची और उन्हें यातायात के नियमों के बारे में जानकारियां दी। टीम ने नाबालिगों को वाहन नहीं चलाने की दी सीख वहीं इस दौरान बच्चों ने कई सवाल भी पूछे। शहर में यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से यातायात पुलिस की एजुकेशन विंग निरंतर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित कर रही है। इसी कड़ी में कल सहायक पुलिस आयुक्त मनोज कुमार खत्री (यातायात झोन-2) के साथ टीम निपानिया स्थित एक निजी स्कूल में छात्र- छात्राओं के बीच पहुंची और कार्यशाला में कई जानकारियां दी। उन्हें यातायात नियमों और यातायात शिक्षा के महत्व के बारे में बताया। टीम ने यातायात नियमों को लेकर जागरूक किया। उन्हें ट्रैफिक सिग्नल, रोड मार्किंग, लाइसेंस का महत्व व बनवाने की विधि, सड़क दुर्घटनाओं के आंकड़े, वाहन चलाते समय रखी जाने वाली सावधानियां, वाहन चालकों की गलतियों के बारे में बताया। लेन अनुशासन, आदर्श चौराहा की जानकारी भी दी। छात्र-छात्राओं को बताया कि नाबालिग बच्चे यातायात नियमों से अनभिज्ञ होते हैं, उन्हें वाहन नहीं चलाना चाहिए।यह कानूनन अपराध है ही साथ गंभीर दुर्घटना का कारण भी बन सकता है। आरक्षक सुमंत सिंह कछावा ने वीडियो प्रजेंटेशन से वाहन चालकों की गलतियों के बारे में बताया। सड़क सुरक्षा के सवालों के जवाब देने पर कक्षा 9वीं के युवराज गुप्ता, अजान हसन, ओजस सिंह को मेडल पहनाकर हौसला अफजाई की गई।



## पिकनिक स्पॉट पर रोक नहीं, सिर्फ खतरे वाली जगह न जाएं...

**इंदौर।** जिले के लोकप्रिय पिकनिक स्थलों पर भ्रमण को लेकर जारी कलेक्टर आशीष सिंह के आदेश में किसी भी पिकनिक स्पॉट पर जाने पर पूर्ण प्रतिबंध नहीं लगाया गया है। 20 जून को जारी आदेश में केवल उन क्षेत्रों में प्रवेश को प्रतिबंधित किया गया है, जो अत्यंत खतरनाक, एकांत और सुरक्षा की दृष्टि से असुरक्षित हैं। कलेक्टर ने स्पष्ट किया है कि महू तहसील सहित तिंछा फॉल, चोरल फॉल, कजलीगढ़, जामनिया कुंड, मेहंदी कुंड, हत्यारी खो, लोहिया कुंड, जूनापानी, जोगी भड़क जैसे पिकनिक स्थलों पर जाना प्रतिबंधित नहीं है। लेकिन इनमें से कई स्थलों पर स्थित गहरी खाइयों, झरनों और अन्य एकांत व असुरक्षित स्थानों पर जाने से पर्यटकों को रोका गया है। इन स्थानों पर सुरक्षात्मक व्यवस्थाएं जैसे गार्ड, चेतावनी बोर्ड और बचाव संसाधनों की अनुपस्थिति को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। आदेश का उद्देश्य किसी की यात्रा को रोकना नहीं बल्कि पर्यटकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि आम जनता पिकनिक स्थलों का आनंद ले सकती है, लेकिन उन्हें चिह्नित असुरक्षित क्षेत्रों में जाने से बचना होगा। इससे पूर्व भी दुर्घटनाओं की घटनाएं सामने आई हैं, जिन्हें रोकने के लिए एहतियाती कदम उठाया गया है।

## एक दिन भी हॉस्टल से बाहर रहना है तो लेना होगी परमिशन

**संवाददाता ● इंदौर**

**नियम**

यूनिवर्सिटी के हॉस्टल से कई दिनों तक गायब रहने वाले छात्रों के लिए यह कुछ चिंताजनक खबर है। यूनिवर्सिटी ने नए सत्र से हॉस्टल में रहने वाले छात्रों के लिए नियम कठोर किए हैं। इसमें सबसे कड़ा नियम यह लागू करने की तैयारी है कि यदि छात्र को हॉस्टल से बाहर रहना है तो उसे अपने अभिभावक की सहमति जतानी होगी। कहने का मतलब है कि हॉस्टल से बाहर रहने के लिए छात्र को अपने अभिभावक से परमिशन लेना होगी। इसे यूनिवर्सिटी के हॉस्टल प्रबंधन को भी जमा करना होगा।



जानकारी अनुसार हॉस्टल प्रबंधन को कुछ समय से शिकायत मिल रही थी कि छात्र कई दिनों तक हॉस्टल से गायब रहते हैं। दोस्तों के फ्लैट्स या अन्य स्थानों पर रुकते हैं। छात्र इसके लिए ग्रुप स्टडी या अन्य शैक्षणिक कार्यों का हवाला देते हैं, लेकिन इसकी जानकारी उनके माता-पिता को नहीं होती। नए नियमों के अनुसार यदि कोई छात्र या छात्रा हॉस्टल से एक दिन से ज्यादा समय के लिए बाहर जाना चाहता है, तो उसे न केवल माता-पिता की सहमति लेनी होगी, बल्कि विशेष फॉर्म भी भरना होगा। इसमें उसे उस स्थान की जानकारी देनी होगी, जहां वह जा रहा है। हालांकि यह नया नियम अगले सत्र से ही लागू हो सकेगा। अब तक विवि में केवल हॉस्टल रजिस्टर में एंट्री कर छात्र बाहर जा सकते थे, लेकिन यह प्रक्रिया एक दिन से ज्यादा की अनुपस्थिति के लिए पर्याप्त नहीं मानी जा रही थी। चीफ वार्डन डॉ. जीएल प्रजापति ने बताया कि यह निर्णय छात्रों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए लिया है। यह सत्र 2025-26 से लागू होगा | कुलगुरु प्रो. राकेश सिंघई के निर्देशों पर नियमों में संशोधन किया जा रहा है, ताकि अभिभावकों को भी जानकारी रहे कि उनका बच्चा कहां है।

### संयुक्त किसान मोर्चा पदाधिकारियों का आरोप ग्रामीण सोसइटियों पर नहीं मिल रही खाद

# संपूर्ण मालवा-निमाड़ अंचल में डीएपी की भारी कालाबाजारी

**डीलर, कंपनी के अधिकारियों की मिली भगत से किसानों को बेचा जाने वाला डीएपी कालाबाजारी में बेच रहे हैं, कृषि विभाग भी निगरानी करने में विफल**

**संवाददाता ● इंदौर**

**मिलीभगत**

किसानों को डीएपी खाद के लिए परेशान होना पड़ रहा है ।दूसरी ओर डीलर, कंपनी के अधिकारियों से मिली भगत कर कालाबाजारी कर रहे हैं। नियमानुसार कंपनी से डीएपी आने पर उसे कृषि विभाग की सूचना के बगैर कहीं नहीं भेजा जा सकता है। गत दिनों हरदा जिले में डीलर और कंपनी की मिली भगत से भारी मात्रा में डीएपी की कालाबाजारी का मामला पकड़ा गया था। इसमें एक ही फर्म डीलर, हैंडलर और ट्रांसपोर्टर थी और बगैर कृषि विभाग को जानकारी दिए आसपास के सभी जिलों में डीएपी के कालाबाजारी कर रही थी।

संयुक्त किसान मोर्चा के रामस्वरूप मंत्री, बबलू जाधव, शैलेंद्र पटेल और चंदन सिंह बड़वाया ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि पूरे मालवा निमाड़ अंचल में डीएपी की भारी कालाबाजारी की जा रही है। किसानों को महंगे दामों पर जरूरत का खाद खरीदना पड़ रहा है कृषि विभाग का भी खाद वितरण पर कोई नियंत्रण नहीं है। किसान नेताओं ने बताया कि ग्रामीण सोसाइटी पर किसानों को खाद नहीं मिल रही है जबकि कालाबाजारी में भरपूर मात्रा में खाद उपलब्ध है ।यही इस बात का सबूत है कि डीलर कंपनी के अधिकारियों से मिली भगत कर खाद की भारी रूप से कालाबाजारी कर रहे हैं।

नियमानुसार कंपनी से रेलवे की रेक पर खाद उतरते ही उसको और ऑनलाइन पोर्टल पर चढ़ाया जाना चाहिए तथा इसकी जानकारी कृषि विभाग को दी जाना चाहिए। बाद में उसे कहीं भी भेजे जाने के लिए कृषि विभाग की अनुमति लिया जाना जरूरी है, लेकिन पूरे अंचल में ऐसा कहीं नहीं हो रहा है और डॉलर अपनी मन मर्जी से डीएपी का परिवहन कर रहा है तथा कालाबाजारी में बेचा जा रहा है।



किसान नेताओं ने इंदौर उज्जैन संभाग के खाद वितरण की उच्च स्तरीय जांच कराए जाने तथा अभी तक कितनी खाद आई है, किन-किन गोदाम में रखी गई है तथा किन-किन व्यापारियों को वितरित की गई है। इसकी भी पूरी जांच कराए जाने की मांग की है कृषि वभाग भी खाद्य वितरण पर निगरानी रखने में असफल रहा है इसलिए जरूरी है कि हरदा की तरह इंदौर में भी छापे लगाए जाएं और खाद की कालाबाजारी रोकने के लिए उच्च स्तरीय प्रयास किए जाएं।

## संपादकीय

# हिंदी पर यू-टर्न, महाराष्ट्र सरकार ने खींचे हाथ




लंबी रस्साकशी और कशमकश के बाद आखिरकार महाराष्ट्र की देवेंद्र फडणवीस सरकार ने स्कूलों में हिंदी की पढ़ाई से जुड़े मुद्दे पर अपने कदम पीछे खींच लिए। प्रदेश की राजनीति में यह मुद्दा जिस तरह से गरमाता जा रहा था, उसे देखते हुए सरकार के पास कोई और विकल्प भी नहीं रह गया था। फडणवीस सरकार की ताजा घोषणा को इस सचाई से अलग करके देखना मुश्किल है कि हिंदी का मुद्दा राज्य में विपक्षी दलों के हाथों का एक ताकतवर हथियार बनता जा रहा था। न केवल विपक्ष के सभी दल इस मसले पर एकजुट और विधानसभा के मॉनसून सत्र को हंगामेदार बनाने पर आमादा थे, बल्कि ठाकरे बंधुओं को भी हिंदी विरोध की राजनीति की अपनी जानी-पहचानी जमीन वापस मिलती दिख रही थी। याद किया जा सकता है कि शिवसेना प्रमुख बाला साहेब ठाकरे के शुरुआती दौर में पार्टी खास तौर पर हिंदीभाषियों के विरोध के लिए जानी जाती थी। मुंबई और महाराष्ट्र में हिंदीभाषियों की निरंतर बढ़ती आबादी को शिवसेना मराठी अस्मिता के लिए खतरे के रूप में देखती थी। हालांकि बाद के दौर में, खासकर नब्बे के दशक से BJP के गठबंधन में शिवसेना की राजनीति भी हिंदी से हिंदू की ओर मुड़ती गई। मुंबई और महाराष्ट्र की बदलती डेमोग्राफी ने भी उद्धव ठाकरे के नेतृत्व में शिवसेना को लचीला रुख अपनाने के लिए प्रेरित किया। वहीं, पुरानी आक्रामकता जारी रखते हुए राज ठाकरे की पार्टी धीरे-धीरे कमजोर ही होती गई। चाहे मुंबई हो या महाराष्ट्र, कुल आबादी में हिंदीभाषियों का बढ़ता अनुपात भी अपना असर दिखा रहा था। 2001 की जनगणना के मुताबिक हिंदीभाषियों की संख्या मुंबई में 25.9% और मराठीभाषियों की 42.9% थी जो 2011 में क्रमशः 30.2% और 41% हो गई। महाराष्ट्र में इसी अवधि में जहां मराठीभाषी आबादी 76% से 73.4% पर आ गई, वहीं हिंदीभाषियों का अनुपात 7.3% से बढ़कर 9.5% हो गया। मतदाताओं का बदलता स्वरूप राजनीति में अघोषित तौर पर जो बदलाव ला रहा था, उसे अचानक ही कथित तौर पर हिंदी लादने के इस फैसले ने मानो अप्रासंगिक कर दिया। न केवल उद्धव और राज ठाकरे इस सवाल पर आक्रामक रूप में सामने आए और कांग्रेस व NCP (शरद पवार) उनके साथ खड़ी रहीं बल्कि उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने भी खुलकर इस फैसले का विरोध कर दिया। एकनाथ शिंदे भी इसके पक्ष में नहीं थे। जाहिर है, सरकार इस मुद्दे पर घिर गई थी। ऐसे में उसे इस मुश्किल से निकलने का रास्ता फैसले को वापस लेने में ही दिखा।

# टीएमसी नेताओं की निर्लज्ज टिप्पणियों से उठा विवाद

**पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ पार्टी तृणमूल कांग्रेस के दो वरिष्ठ नेताओं की अनर्गल एवं निर्लज्ज टिप्पणी स्त्री की मर्यादा, सम्मान एवं अस्मिता के खिलाफ शर्मनाक, दुर्भाग्यपूर्ण व संवेदनहीन प्रतिक्रिया है**



*–ललित गर्ग*

लेखक राजनीतिक विषयों पर लिखते हैं।



कोलकत्ता में कानून की एक छात्रा से सामूहिक दुराचार-गैंगरेप का मुद्दा एक बार फिर पश्चिम बंगाल में जितना बड़ा राजनीतिक मुद्दा बनने लगा है उतना ही बड़ा नारी उत्पीड़न का मुद्दा बनकर उभर रहा है। इस मामले में पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ पार्टी तृणमूल कांग्रेस के दो वरिष्ठ नेताओं की अनर्गल एवं निर्लज्ज टिप्पणी स्त्री की मर्यादा, सम्मान एवं अस्मिता के खिलाफ शर्मनाक, दुर्भाग्यपूर्ण व संवेदनहीन प्रतिक्रिया है। इन नेताओं ने गैंगरेप मामले पर विवादित बयान से राज्य एवं देश में भारी जनाक्रोश पैदा हो गया था। विशेषतः राजनेताओं के बयानों एवं सोच में एक बार फिर शर्मनाक ढंग से पीड़िता पर दोष मढ़ने की बेशर्म कोशिश की गई है। इस मामले में सत्तारूढ़ टीएमसी पार्टी अन्दर एवं बाहर दोनों मोर्चों पर घिरती हुई नजर आ रही है। जहां इस मामले में पार्टी के अन्दर गुटबाजी एक बार फिर सामने आयी है, वहीं भाजपा आक्रामक रूप से ममता सरकार को घेर रही है। टीएमसी की महिला नेत्री महुआ मोइत्रा टीएमसी नेताओं कल्याण बनर्जी और मदन मित्रा के उन बयानों पर निराशा व्यक्त करते हुए स्पष्ट किया है कि इन राजनेताओं के बयान में स्त्री-द्वेष पार्टी लाइन से परे है। यह एक बदतर स्थिति है कि जिस पार्टी के नेताओं ने ये दुर्भाग्यपूर्ण बयान दिए हैं, उस पार्टी की सुप्रीमो एक महिला ही है। यह स्थिति दुर्भाग्यपूर्ण ही है कि ममता बनर्जी जैसी तेजतर्रार मुख्यमंत्री के शासन और नेतृत्व के वर्षों के दौरान टीएमसी के भीतर नारी सम्मान एवं अस्मिता को लेकर संवेदनशीलता लाने और मानसिकता में बदलाव लाने के प्रयास विफल होते नजर आ रहे हैं। अकसर महिलाएं और महिला राजनेता पुरुष नेताओं के हाथों अश्लील, अभद्र और तौहीन भरी टिप्पणओं की शिकार होती रही हैं। ऐसे बयानों के बावजूद अकसर ये राजनेता किसी कठोर कार्रवाई की बजाय हल्की फुल्की फ़टकार के बाद बच निकलते हैं। ये बयान कभी महिलाओं की बॉडी शेमिंग करते नज़र आते हैं तो कभी बलात्कार जैसे गंभीर अपराध को मामूली बताने की कोशिश करते हुए नजर आते हैं। इसके साथ ही ये चिन्ताजनक संदेश भी जाता है कि महिलाओं के बारे में हल्के और आपत्तिजनक बयान देना विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं के लिये सामान्य बात है। जब किसी देश की बेटियां न्याय का अध्ययन कर रही हों और वहीं उनके साथ अन्याय की पराकाष्ठा हो तो यह केवल एक आपराधिक घटना नहीं, बल्कि पूरे समाज, व्यवस्था और सोच के लिए एक जघन्य आइना बन जाती है। प्रतिष्ठित लॉ कॉलेज की छात्रा के साथ हुए सामूहिक बलात्कार की घटना ने न केवल राजनीतिक सोच एवं कानून के मंदिरों को शर्मसार किया है, बल्कि हर संवेदनशील मन को झकझोर दिया है। पीड़िता एक लॉ कॉलेज में अध्ययनरत छात्रा थी, जो अपने उज्ज्वल भविष्य के सपनों के साथ शिक्षा के पथ पर अग्रसर थी। घटना की रात वह अपने कुछ परिचितों के साथ बाहर थी, जिनमें से ही कुछ ने उसकी अस्मिता को रौंद डाला। उसे नशा दिया गया और फिर सुनसान स्थान पर ले जाकर कई लोगों ने उसके साथ बलात्कार किया। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए कुछ आरोपियों को हिरासत में लिया है, लेकिन सवाल यह है कि जब कानून पढ़ने वाली लड़की खुद असुरक्षित है, तो आम महिलाएं कैसे सुरक्षित होंगी? क्या यह कानून की शिक्षा देने वाली संस्थाओं एवं शासन करने वाली सत्ताओं के लिए आत्ममंथन का समय नहीं है? ऐसी घटनाओं पर निर्भया कांड के बाद बने कानूनों का सख्ती से पालन हो। रेप को सिर्फ एक 'जुर्म' नहीं, 'राष्ट्रीय आपदा' माना जाए, और उसकी रोकथाम के लिए शिक्षा, संस्कार और तकनीकी सुरक्षा साधनों को प्राथमिकता दी जाए। कोलकाता की लॉ छात्रा की यह दर्दनाक घटना हमें चेताती है कि केवल कानून बना लेना काफी नहीं, जब तक समाज की सोच नहीं बदलेगी, तब तक बेटियां असुरक्षित रहेंगी। यह केवल एक छात्रा की लड़ाई नहीं, बल्कि हर बेटी की सुरक्षा की लड़ाई है। न्याय तब होगा जब ऐसी घटनाएं रुकेंगी और उसके लिए हमें मिलकर लड़ना होगा। सबसे दुखद पहलू यह है कि अनेक बार ऐसी घटनाओं में समाज चुप रहता है, पीड़िता को दोषी ठहराने की कोशिश की जाती है। सोशल मीडिया पर तंज, मीडिया ट्रायल और व्यक्तिगत चरित्रहनन जैसी बातें पीड़िता को न्याय से अधिक पीड़ा देती हैं। पीड़िता के लिये यह पीड़ा तब और बढ़ जाती है जब उनके जन-प्रतिनिधि निर्लज्ज बयानबाजी करते हैं। विडंबना यह है कि पीड़िता के प्रति निर्लज्ज बयानबाजी अकेले पश्चिम बंगाल का ही मामला नहीं है, देश के अन्य राज्यों में भी ऐसी संवेदनहीन टिप्पणियां सामने आती रही हैं। यदि इक्कीसवीं सदी के खुले समाज में हम महिलाओं के प्रति संकीर्णता की दृष्टि से मुक्त नहीं हो पा रहे हैं, तो इसे विडंबना ही कहा जाएगा। यह दुर्भाग्यपूर्ण ही कि ये वे लोग हैं जिन्हें जनता अपना नेता मानती है और लाखों लोग उन्हें चुनकर जनप्रतिनिधि संस्थाओं में कानून बनाने व व्यवस्था चलाने भेजते हैं। देश में बढ़ रही यौन-शोषण, रेप एवं नारी दुराचार की घटनाओं को देखते हुए जन-प्रतिनिधियों को ज्यादा संवेदनशील होने की अपेक्षा की जाती है। बड़ा प्रश्न है कि आखिर किसी राजनेता को हर महिला के साथ हुए दुर्व्यवहार और यौन शोषण को असंवेदनशील तरीके से देखने की छूट क्यों एवं कैसे मिल जाती है। भारत ही ऐसा देश है, जहां महिलाओं की अस्मिता एवं अस्तित्व को तार-तार करने वाले नेताओं के निर्लज्ज बयानों के बावजूद उन पर कोई ठोस, सख्त एवं अनुशासनात्मक कार्रवाई नहीं होती। जबकि विश्व के अन्य देशों में ऐसा नहीं है। जैसे 2017 में ब्रिटेन के एक पार्षद के सामान्य से बयान पर अच्छा खासा बवाल मचा था। पार्षद ने सांसद का चुनाव लड़ रही एक गर्भवती महिला राजनेता के बारे में कह दिया था, 'वो गर्भवती हैं और उनका समय तो नैपी बदलने में ही बीत जाएगा, वो आम लोगों की आवाज़ क्या उठाएंगी?' इसके लिए पार्षद को माफ़ी मांगनी पड़ी। ब्रिटेन जैसे कई देशों में अकसर ऐसे बयानों पर कार्रवाई होती है। मिसाल के तौर पर 2017 में ही यूरोपियन संसद के एक सांसद ने बयान दिया था कि महिलाओं को कम पैसा मिलना चाहिए क्योंकि वो कमज़ोर, छोटी और कम बुद्धिमान होती हैं।' इसके बाद उन्हें निलंबित कर दिया गया था और उन्हें मिलने वाला भत्ता भी बंद हो गया था।

## विचार

एक सफल व्यक्ति छोटे और बड़े काम के बीच अंतर नहीं करता है। चाहे काम छोटा हो या फिर बड़ा हर किसी को महत्व देना चाहिए।

● ओशो


## चाणक्य



जिस घर में महिलाओं का आदर-सम्मान नहीं होता, वहां कभी भी माता लक्ष्मी का वास नहीं होता। धन-धान्य और सुख-समृद्धि के लिए घर में महिलाओं का मान रखना अत्यंत आवश्यक है। इसके विपरीत, अहंकार से भरे और धोखाधड़ी करने वाले व्यक्ति हमेशा धन की समस्या से जूझते रहते हैं। इसलिए जीवन में सुख-समृद्धि के लिए परिवार में प्रेम, सम्मान और विश्वास होना आवश्यक है।

● आचार्य चाणक्य

## सुकरात



"ज्ञानी वही है जो अपनी अज्ञानता को जानता है" अर्थः अपने ज्ञान की सीमाओं को समझना सबसे बड़ा ज्ञान है, आत्मज्ञान महत्वपूर्ण है.

● सुकरात के अनुसार

# Business News

## बुलियन मार्केट

### चांदी में 800 रुपए बढ़े सोने में स्थिरता

**इंदौर**। स्थानीय सराफा बाजार में सोना एवं चांदी की कीमतों में मांग कमजोर बनी होने से सोना की कीमतों में स्थिरता देखी गई वहीं चांदी में 800 रुपए की तेजी दर्ज की गई। सोने का 97700 रुपए का भाव रहा वही चांदी 800 तेज होकर 106500 का भाव रहा। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने की कीमत 3346 ऊपर में 3365 नीचे में 3341 चांदी 3678 सेण्ट ऊपर में 3706 नीचे में 3633 नकद में केडबरी 97700 एक दिन पूर्व 97700 आरटीजीएस 99700 सोना 22 कैरेट 91200 जीएसटी सहित चांदी नगद 106500 एकदिन पूर्व 105700 आरटीजीएस में 108000 चांदी टंच 106700 रुपए सिक्का 1170 भारतीय रुपया 85.26 के भाव रहे।

**इंदौर सराफा-** सोना केडबरी रवा नकद 97700, आरटीजीएस 99700 रुपए, सोना 22 कैरेट (जीएसटी सहित) 91200 रुपए प्रति दस ग्राम, चांदी नकद 106500, आरटीजीएस 108000 और टंच 106700 रुपए प्रति किलो रही। चांदी का सिक्का 1170 रुपए प्रति नग।

**उज्जैन सराफा-** सोना केडबरी 97800 और रवा 97700 रुपए प्रति दस ग्राम। चांदी पाट 106700,टंच 106600 रुपए प्रति किलो। सिक्का 1200 रुपए प्रति नग बिका।

### दाल एवं दलहनों में कामकाज सामान्य

**इंदौर**। दाल-दलहनों में कामकाज सामान्य बना हुआ है। तुअर, उड़द, मूंग में ग्राहकी कमजोर बनी हुई है जिसके चलते इनकी कीमतों में स्थिरता बताई जा रही है। मांग का दबाव बढ़ते ही कीमतों में सुधार की उम्मद है।

**दलहन** - चना कांटा 6000-6075, डंकी चना 5200-5500, विशाल 5800-5950, काबुली चना 8800-9500, काबुली चना रशियन 5900-6200, बिटकी 5300-5400, मसूर 6050-6100, तुवर नई महाराष्ट्र सफेद 6750, महाराष्ट्र लाल 6790-7000, कर्नाटक 6900-7100, तुवर निमाड़ी 67, मूंग बेस्ट नया 7100-7250, एवरेज 6700-7000, मोगर 5600-6200, उड़द नया गर्मी 6500-7400, बेस्ट 7400-7600, मीडियम 6200-6500, हलका 3000-5000 रुपए, कंटेनर में डॉलर चना 42/44 108750, 44/46 10550, 50/52 9250, 58/60 8000, 60/62 7900 रुपए क्विंटल के भाव बोले गए।

# जीएसटी पर 12% की जगह 5% हो सकता है स्लैब : सरकार

**नई दिल्ली**। केंद्र सरकार मिडिल क्लास और निम्न आय वर्ग वाले परिवारों पर टैक्स की बंर छूट की बारिश करने वाली है। पहले तो सरकार ने चालू वित्तवर्ष से 12 लाख रुपये तक सीधी इनकम टैक्स छूट का तोहफा दिया था। अब केंद्र सरकार जीएसटी में बदलाव करने की तैयारी में है। इससे आम आदमी को बड़ी राहत मिलने की संभावना जताई जा रही है। सूत्रों कहना है कि सरकार ऐसे कई उत्पादों पर जीएसटी की दरें घटाने वाली है, जिनका इस्तेमाल मिडिल और निम्न आय वर्ग वाले परिवार कर रहे हैं। कहा जा रहा है कि सरकार 12 फीसदी जीएसटी स्लैब को खत्म कर सीधा 5 फीसदी कर सकती है। केंद्र सरकार जीएसटी रेट्स में कटौती कर सकती है। सरकार इस मामले में गंभीरता से विचार कर रही है। अगर ऐसा होता है तो टूथपेस्ट से लेकर किचन के सामानों तक और स्टेशनरीज से लेकर प्रेस, गीजर, छोटी वॉशिंग मशीन तक के दाम घट जाएंगे। ऐसी ज्यादातर वस्तुओं पर फिलहाल 12 फीसदी टैक्स लगता है। चर्चा है कि वित्त मंत्रालय, मौजूदा 4 टैक्स स्लैब को कम कर 3 स्लैब कर सकती है।

**GST के रह जाएंगे सिर्फ 3 स्लैब**

साल 2017 में देश में जीएसटी लागू किया गया था। इसे लागु हुए 8 साल हो चुके हैं। देश में जीएसटी दरें जीएसटी काउंसिल की ओर से तय किया जाता है। मौजूदा समय में देश में चार जीएसटी स्लैब हैं। इनमें 5%, 12%, 18% और 28% हैं। अनाज, खाद्य तेल, चीनी, स्नैक्स और मिठाई के अलावा सोना-चांदी और अन्य तमाम सामानों को अलग-अलग कैटेगरी के हिसाब से इन्ही टैक्स स्लैब में रखा गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, सरकार इन 4 स्लैब को घटाकर 3 स्लैब कर सकती है। ऐसे में संभावना जताई जा रही है कि नई व्यवस्था में सिर्फ 5 फीसदी, 18 फीसदी और 28 फीसदी का टैक्स स्लैब रह जाएगा। अगर ऐसा होता है तो रोजमर्रा की जरूरतों के कई सारे सामान सस्ते हो जाएंगे। सरकार 12 फीसदी के टैक्स स्लैब को पूरी तरह से खत्म कर सकती है। हालांकि अभी तक इस बारे में कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है।

### सरकार पर 50,000 करोड़ का बोझ पड़ेगा




सरकार आसान जीएसटी पर भी विचार कर रही है। सूत्रों के अनुसार, इस कदम से सरकार पर 40,000 करोड़ रुपये से 50,000 करोड़ रुपये का बोझ पड़ेगा, लेकिन वह शुरुआती असर को झेलने के लिए तैयार है। इससे खपत में बढ़ोतरी हो सकती है। केंद्र का मानना है कि कम कीमतों से बिक्री बढ़ेगी। जिससे टैक्स-बेस बढ़ेगा। लॉन्ग टर्म जीएसटी कलेक्शन में ग्रोथ होगी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जीएसटी रेट्स में संभावित बदलावों का संकेत दिया था।

# नारियल में ग्रामीण क्षेत्र वालों की डिमांड आने लगी

### किमिमश और किशमिश कंधारी में तेजी का माहौल

**इंदौर**। स्थानीय सियागंज किराना बाजार में कामकाज सामान्य बना हुआ है। सावन माह के नजदीक होने से नारियल में ग्रामीण क्षेत्र वालों की पूपरख निकलने लगी है। फिलहाल नारियल की कीमतों में खास घटबढ़ नहीं है। वहीं खोपले गोले एवं बूरे में भी कीमकाज सामान्य बना हुआ है। इधर शकर में लेवाली कमजोर होने से इनकी कीमतों में स्थिरता बताई जा रही है। वहीं किराना जिंसों में कालीमर्चि बाजार दिसावरी सुस्ती से दबाव में रहे। किशमिश और किशमिश कंधारी में भी ग्राहकी समर्थन से तेजी का माहौल है। किशमिश कंधारी बेस्ट 525 से 650 रुपए बिक गई।

**शकर-** 4110-4120 बेस्ट क्वालिटी 4130-4140, गुड़ कटोरा 4600-4700, लड्डू 5200, गिलास 5000-5200 रुपए क्विंटल।

**नारियल-** 120 भरती 2900-2950, 160 भरती 3300-3400, 200 भरती 3650-3700, 250 भरती 3800-3900 रुपए प्रति बोरी।

**खोपरा गोला** - 275-300 कट्टे में 260 रुपए प्रति किलो। खोपरा बूरा 4100-6150 रुपए प्रति (15 किलो)।

**फलाहारी-** साबूदाना सच्चामोती एगमार्क (500) 5350, सच्चासाबु एगमार्क (500 ग्राम) 5500 साबूदाना चक्र एगमार्क 5420, गोपाल लूज (25 किलो) 4790, कुकरीजाकी



मोरधन (500 ग्राम)- 9400 रुपए।

**मसाले-** कालीमिर्च 711 से 715, लौंग चालू 780 से 800, बेस्ट 825 से 840, दालचीनी 255 से 265, जायफल 680 से 715, बेस्ट 720 से 725, जावत्री 2000 से 2050, बड़ी इलायची 1550 से 1850, बेस्ट 1950 से 2050, तेजपान 90 से 98, सौंठ 280 से 340, हींग 751- 3450, पाउच में 10 ग्राम 3550, 121- 50 ग्राम 3250, पाउच में 10 ग्राम 3330 111-50 ग्राम 3050, पाउच में 10 ग्राम 3130, पावडर 875 से 925, हरी इलायची 2750 से 2875, मीडियम 2925 से 3150, बेस्ट 3250 से 3300, एक्सट्रा बेस्ट 3350 रुपए।

सूखे मेवे-काजू डब्ल्यू 240 नंबर 950-960, डब्ल्यू 320 830-860, डब्ल्यू 300 नंबर 800 से 815, जेएच 840850, टुकड़ी 780-830, बादाम इंडिपेंडेट 730 से 760 रुपए।

## कॉर्पोरेट समाचार

### आईटी, फार्मा और ऑटो सेक्टर में खरीदारी से बाजार तेजी में रहे

**मुंबई**। भारतीय शेयर बाजार गुरुवार को तेजी के साथ खुला। सप्ताह के तीसरे ही कारोबारी दिन बाजार में ये उछाल दुनिया भर से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही खरीददारी से आया है। आज सुबह कारोबार के दौरान आईटी, फार्मा और ऑटो सेक्टर में खरीदारी रही। सुबह 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 68.28 अंक करीब 08 फीसदी बढ़कर 83,477.97 पर कारोबार कर रहा था जबकि 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 19.30 अंक तकरीबन 0.08 फीसदी उछलकर 25,472.70 पर पहुंच गया। बाजार जानकारों के अनुसार आज वीकली डेरिवेटिव एक्सपायरी है, इसलिए सामान्य से अधिक अस्थिरता देखी जा सकती है। शुरुआती कारोबार में निफ्टी बैंक 9.90 अंक करीब 0.02 फीसदी टूटकर 56,989.30 पर था। वहीं निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 22 अंक या 0.04 फीसदी की गिरावट के साथ ही 59,645.25 पर कारोबार कर रहा था। निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 7.75 अंक तकरीबन 0.04 फीसदी टूटकर 18,969.35 पर था। सेंसेक्स के शेयरों में शामिल कोटक महिंद्रा बैंक, बजाज फाइनेंस, बजाज फिनसर्व के शेयर नुकसान में रहे।

### माइक्रोसॉफ्ट कंपनी फिर 9 हजार कर्मचारियों की करेगी छंटनी

**वाशिंगटन**। माइक्रोसॉफ्ट कंपनी ने एक बार फिर कर्मचारियों की छंटनी का ऐलान किया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक कंपनी अपने वैश्विक कार्यबल के 4 फीसदी यानी कि करीब 9000 कर्मचारियों की छंटनी करने जा रही है। यह 2023 के बाद कंपनी की सबसे बड़ी छंटनी होगी। जून 2024 तक माइक्रोसॉफ्ट में करीब 2,28,000 कर्मचारी काम कर रहे थे। इस नई छंटनी की पुष्टि के लिए कंपनी ने रॉयटर्स के सवालों का जवाब नहीं दिया। मीडिया रिपोर्ट में एक रिपोर्ट के हवाले से बताया गया कि माइक्रोसॉफ्ट विशेष रूप से बिक्री विभाग में हजारों कर्मचारियों हटाने की योजना बना रही है। इससे पहले मई 2025 में भी कंपनी ने करीब 6,000 कर्मचारियों को निकाल दिया था। माइक्रोसॉफ्ट अकेली ऐसी कंपनी नहीं है जो इस तरह के फैसले ले रही है। अ

### मोटोरोला का नया दमदार फीचर्स वाला फोन जल्द होगा लॉन्च

**नई दिल्ली**। हाल ही में फ्लिपकार्ट पर एक पोस्टर देखा गया है, जिसमें मोटोरोला के अपकमिंग फोन की झलक मिलती है। टेक जगत के जानकारों का मानना है कि यह फोन मोटो जी96 5जी हो सकता है। पॉपुलर टिपस्टर संजू चौधरी ने इस फोन से जुड़े कई अहम फीचर्स लीक किए हैं, जिससे इसके लॉन्च को लेकर बाजार में हलचल बढ़ गई है। लीक रिपोर्ट्स के अनुसार, मोटो जी 96 5जी में 6.67 इंच का कर्व्ड पीओलेड डिस्प्ले दिया जा सकता है, जिसमें 144एचझेड रिफ्रेश रेट और एचडीआर10+ सपोर्ट मौजूद होगा। यह स्क्रीन शानदार व्यूइंग अनुभव देने में सक्षम हो सकती है। परफॉर्मेंस के लिए इसमें क्वालकॉम स्नैपड्रेगन 7एस जेन 2 चिपसेट हो सकता है, जो 4 एनएम तकनीक पर आधारित है और बेहतर गेमिंग और मल्टीटास्किंग अनुभव देने में सक्षम होगा।

ऊर्जा विभाग की समीक्षा में दिए वर्षभर मेंटेनेंस करने के निर्देश

# स्मार्ट मीटर लगवाएं, 20 प्रतिशत सस्ती बिजली पाएं : सीएम

संवाददाता ● भोपाल

**बैठक**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि बिजली सबकी जरूरत है। सबको जरूरत के अनुसार बिजली उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। बिजली सस्ती दरों पर मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि स्मार्ट मीटर मॉडल सबसे अच्छा है, इसलिए विद्युत उपभोक्ताओं के हित में सबके घरों में स्मार्ट मीटर लगाए जाएं। इससे उपभोक्ताओं को 20 प्रतिशत सस्ती दर पर बिजली मिलेगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में ऊर्जा विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने स्मार्ट मीटर लगाने से उपभोक्ताओं को मिलने वाले लाभों का जिक्र करते हुए कहा कि इसमें उपभोक्ता को खुद की खपत का आंकलन कर ऊर्जा का अपनी सुविधानुसार उपयोग कर अपने बिजली बिल की राशि को कम से कम करने की सुविधा भी मिलती है। उन्होंने ऊर्जा विभाग के अधिकारियों को स्मार्ट मीटर लगाने की गति को और तेज करने के निर्देश दिये। बताया गया कि प्रदेश में 1.34 करोड़ घरेलू स्मार्ट मीटर लगाए जाने हैं। लक्ष्य के विरूद्ध अब तक 21 लाख से भी अधिक घरेलू स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मई-जून में विभिन्न स्थानों पर हुए विद्युत अवरोधों पर चर्चा करते हुए कहा कि विद्युत उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए साल भर मेंटीनेंस गतिविधियां चलाई जाएं, ताकि आंधी, पानी या अन्य किसी घटना के कारण विद्युत आपूर्ति बाधित न हो। उन्होंने कहा कि मेंटीनेंस गतिविधियों में नई एप्रोच के साथ नए उपाय किए जाएं। नये उपकरण क्रय किये जाएं। जहां घने पेड़ हैं, उनके नीचे से गुजरने वाले बिजली के तारों में कोटिंग कराएं। पॉवर/लाईन लॉसेस कम से कम करें और ऊर्जा की बचत के सभी तरीकों पर गंभीरता से अमल करें।



### पीएम जन-मन में शत प्रतिशत परिवारों को विद्युतीकृत करने का लक्ष्य

बैठक में अपर मुख्य सचिव ऊर्जा ने बताया कि विभाग द्वारा प्रधानमंत्री जनजाति न्याय महाअभियान (पीएम जन-मन) में विशेष पिछड़े जनजातीय समूह (पीवीटीजी) के 29 हजार 290 परिवारों के घरों को शत प्रतिशत विद्युतीकरण कर देने का लक्ष्य लिया गया है। वर्तमान वित्त वर्ष में अब तक 21 हजार से अधिक पीवीटीजी परिवारों के घरों को विद्युतीकृत कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान में प्रदेश के अनुसूचित जनजाति वर्ग के 55 हजार 795 परिवारों के घरों को भी शतप्रतिशत विद्युतिकृत करने की विभाग की योजना है। यह लक्ष्य इसी वित्त वर्ष में प्राप्त लिया जाएगा।

### विद्युत उपभोक्ताओं को सोलर ऊर्जा के उपयोग के लिए करें प्रेरित

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि घरेलू हो या औद्योगिक सभी जगह विद्युत का उपयोग बढ़ रहा है। इसलिए घरेलू और औद्योगिक संस्थानों को सोलर पॉवर के उपयोग के लिए प्रोत्साहित किया जाए। इससे उपभोक्ता अपनी बिजली स्वयं पैदा कर अतिरिक्त बिजली बेच भी सकेगा। उन्होंने कहा कि कृषि क्षेत्र में विद्युत उपयोग को भी सोलर पॉवर से चलित पम्पों पर शिफ्ट किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के सभी जरुरत वाले जिलों में ट्रांसफार्मर रिपेयरिंग यूनिट की स्थापना के लिए विभागीय नीति तैयार कर लें। उन्होंने कहा कि विद्युत उपभोक्ताओं को सर्वाधिक लाभ उपलब्ध कराने के लिए ऊर्जा और नवकरणीय ऊर्जा विभाग मिलकर प्रयास करें।

### रबी सीजन में पर्याप्त विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित हो

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि रबी 2025-26 के लिए पर्याप्त बिजली की उपलब्धता सुनिश्चित करें। इसके लिये अभी से तैयारियां शुरु करें। बैठक में बताया गया कि रबी सीजन में लगभग 20200 मेगावॉट विद्युत मांग संभावित है। गत वर्ष यह मांग 18 हजार 913 मेगावॉट थी। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा कि बिजली बिल की बकाया राशि के समाधान के लिए विभाग द्वारा वन टाइम सेटलमेंट स्कीम प्रारंभ की जा रही है। घरेलू, औद्योगिक एवं वाणिज्यिक सभी श्रेणी के उपभोक्ताओं को उनकी मूल बिजली बिल राशि में अधिभार की छूट देकर बकाया राशि जमा करने की सुविधा दी गई है। यह स्कीम छह माह की अवधि के लिए लागू की जाएगी। इस अवधि के बाद भी बिजली बिल भुगतान नहीं करने वाले उपभोक्तओं का विद्युत कनेक्शन विच्छेदित कर दिया जाएगा।

## शॉट न्यूज

### नंगा कर युवक को बेरहमी से पीटा जमीन पर लेटाकर बरसाए लात-घूंसे

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश के जबलपुर शहर से ऐसा वीडियो सामने आया है, जहां बदमाशों की गुंडागर्दी सातवें आसमान पर है। वीडियो में देखा जा सकता है कि कुछ बदमाश एक युवक को बिना वस्त्र के जमीन पर लिटाकर पीट रहे हैं। इस घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किया गया है। घटना की जानकारी पुलिस को दी गई है जबलपुर शहर के गोहलपुर थाना इलाके में बदमाशों ने इस युवक को बेरहमी से पीटा और उसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया ओर वायरल भी कर दिया। यह घटना गोहलपुर थाने के चंडाल भाटा क्षेत्र की बताई जा रही है। वीडियो में दिखाई दे रहा है कि कुछ बदमाशों ने एक युवक को उसके कपड़े उतारे, फिर उसे जमीन पर लिटाकर मारा।

### परिवार को बंधक बनाकर लूटे 1.5 करोड़, जेवरात-बंदूक भी ले गए लूट

**मुरैना।** मध्य प्रदेश के मुरैना जिले में बीजेपी नेता के घर डकैतों ने घुसकर भारी लूटपाट की। लूटेरों ने परिवार के सदस्यों को हथियार का भय दिखा कर बंधक बना लिया और 50 लाख रुपये नकदी, करीब एक करोड़ रुपये के गहने और 12 बोर की एक लाइसेंसी बंदूक लूट ली। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना जौरा तहसील के आलापुर गांव की है और यह घटना मंगलवार रात डेढ़ बजे हुई है। इस दौरान राजकुमार यादव उनकी पत्नी मंजू यादव और दो बच्चे घर पर ही थे। मंजू गांव की सरपंच हैं, जबकि उनके पति राजकुमार एक राजनीतिक दल से जुड़े हुए हैं। जौरा थाना प्रभारी उदयभान सिंह ने बताया कि पीड़ित परिवार की शिकायत पर लूट-पाट और डकैती सहित भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है।

### शादी के महीने भर बाद प्रेमी संग भागी दुल्हन

**छिंदवाड़ा।** चौरई थाना क्षेत्र में एक नाबालिग लड़की के बाल विवाह का मामला सामने आया है। मामला तब खुला जब शादी के एक महीने बाद ही नाबालिग प्रेमी संग फरार हो गई। परिजनों ने जब गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई तो पुलिस जांच के दौरान न सिर्फ लड़की को बरामद किया, बल्कि यह भी सामने आया कि उसका विवाह नाबालिग अवस्था में कराया गया था। मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए लड़की के परिजन, शादी में शामिल पंडित, दूल्हे और लड़की को भगाकर ले जाने वाले प्रेमी के खिलाफ गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है। चौरई थाना प्रभारी गणपत उईके ने बताया कि थाना क्षेत्र निवासी 17 साल 5 महीने की किशोरी का विवाह 10 मई 2025 को कराया गया था। शादी के कुछ दिन बाद ही वह ससुराल से लौटकर मायके आ गई थी। इसके बाद 12 जून को वह अचानक अपने प्रेमी के साथ फरार हो गई। परिजन ने बेटी की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई।

## भोपाल में बनेगा आधुनिक प्रशासनिक पावर जोन, सतपुड़ा-विंध्याचल भवन होंगे री-डेवलप

संवाददाता ● भोपाल

**स्वीकृति**




भोपाल के अरेरा हिल्स क्षेत्र में एक आधुनिक और ऊर्जा-संवेदनशील प्रशासनिक परिसर तैयार किया जाएगा, जिसे दिल्ली के सेंट्रल विस्टा प्रोजेक्ट की तर्ज पर विकसित किया जाएगा। इस परियोजना को साधिकार समिति ने स्वीकृति दे दी है। यह कार्य मध्यप्रदेश हाउसिंग बोर्ड के माध्यम से किया जाएगा। वर्तमान में उपयोग हो रहे सतपुड़ा और विंध्याचल भवनों को नए भवन बनने के बाद ही गिराया जाएगा, ताकि सरकारी कामकाज में कोई व्यवधान न आए। वल्लभ भवन के समीप नए भवनों के निर्माण के बाद ही विभागों को शिफ्ट किया जाएगा। मुख्य सचिव अनुराग जैन ने नगर निगम और कलेक्टर को निर्देश दिए हैं कि अरेरा हिल्स क्षेत्र की झुग्गी बस्तियों का जल्द से जल्द पुनर्वास सुनिश्चित किया जाए। साथ ही, हाउसिंग बोर्ड को निर्देशित किया गया है कि 15 दिन के भीतर यह तय करें कि किन विभागों को नए भवन में स्थानांतरित किया जा सकता है। इसके लिए विभागाध्यक्षों से चर्चा की जाएगी। बोर्ड को आगामी दो माह में विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) प्रस्तुत करनी होगी। मुख्य सचिव ने सुझाव दिया है कि नए भवन "ग्रीन बिल्डिंग" अवधारणा पर आधारित हों, जिससे ऊर्जा की खपत न्यूनतम हो। यह संपूर्ण योजना अगले 50 वर्षों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर बनाई जा रही है। लोगों की सुविधा के लिए बेहतर कनेक्टिविटी और पाथ-वे इस प्रशासनिक जोन को भोपाल मेट्रो के ऑरेंज और ब्लू रूट से जोड़ा जाएगा। क्षेत्र में लोगों की आवाजाही को सुविधाजनक बनाने के लिए कवर पाथ-वे बनाए जाएंगे, जिनमें हॉकर्स कॉर्नर और साप्ताहिक बाजार जैसी व्यवस्थाएं भी होंगी। नई योजना में हर सड़क की स्मार्ट प्लानिंग होगी। वीआईपी मूवमेंट के लिए अलग लेन की व्यवस्था की जाएगी, जिससे आम जनता को किसी प्रकार की परेशानी न हो। मौजूदा भवनों के बाहर की सड़कों पर होने वाली गाड़ियों की भीड़ को ध्यान में रखते हुए नई व्यवस्था बनाई जाएगी।

## प्यार में लड़की बना शख्स, बनाए समलैंगिक संबंध...

**भोपाल।** मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। दो युवकों को पहले प्यार हुआ, फिर दोनों ने समलैंगिक रिश्ता बनाया और दीवानगी की हद इस कदर हुई कि युवक ने अपना लिंग परिवर्तन तक करवा लिया और लड़की बन गया। हालांकि, इसके बाद आरोपी युवक ने उसे धोखा दे देते हुए ब्रेकअप कर लिया। पीड़ित की शिकायत पर भोपाल पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। शख्स की आपबीती सुनने के बाद पुलिस के भी होश उड़ गए हैं। गांधीनगर थाना प्रभारी बृजेंद्र मर्सकोले के अनुसार, प्यार की यह कहानी तकरीबन 10 साल पहले शुरू हुई, जब 25 साल का अंशुल यादव (परिवर्तित नाम) अपनी बहन के ससुराल नर्मदापुरम पहुंचा।

## एमपी के छतरपुर में किसान की पीट-पीटकर हत्या

**छतरपुर।** जिले के बमीठा थाना क्षेत्र के खैरी गांव में हैरान कर देना वाला मामला सामने आया है। कुछ दबंगों ने एक कसान की पीट-पीटकर उसकी जान ले ली है। घटना मंगलवार शाम की है। मृतक किसान का नाम शंकर पुत्र धर्मदास पटेल बताया जा रहा है। उसकी उम्र 46 साल थी। जानकारी के मुताबिक, शंकर अपनी पत्नी और दो बेटों के साथ खेत से मवेशी को भगा रहा था। तभी बगल के खेत से नाने लाल पटेल कुछ दबंगों के साथ आया और शंकर को बांधकर अपने खेत ले आया। दबंगों ने शंकर को एक पेड़ से बांध दिया। बताया जा रहा है कि दबंग किसान को लाठी-डंडों से तब तक पीटते रहे, जब तक उसकी जान नहीं निकल गई। हत्या के बाद शंकर की लाश को छोड़कर दबंग खेत से फरार हो गए।

15 दिन पहले ही किया गया था लोकार्पण

## 9 दिन में 9 बार धंस गई नई सड़क



संवाददाता ● ग्वालियर

मध्य प्रदेश के ग्वालियर में केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के महल के पास वाली मुख्य सड़क 9 दिन में 9वीं बार धंस गई। इस सड़क का महज 15 दिन पहले ही निर्माण हुआ था। करीब दो किलोमीटर लंबी इस सड़क को लगभग 18 करोड़ की लागत से बनना बताया जा रहा है, लेकिन इतनी जल्दी ये सड़क धंस गई। यह सड़क केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के जय विलास पैलेस से लेकर चेतकपुरी, माधव नगर गेट से होकर गुजर रही है।

पहले लोग इस सड़क के बनने का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। लेकिन ये बनते ही जमीन में धंस गई। ऐसे में ये सड़क विवादों और चर्चा में आ गई है। इसके बाद कलेक्टर रुचिका चौहान ने इस बदहाल सड़क की जांच के आदेश दे दिए। कलेक्टर ने दो सदस्यीय तकनीकी टीम बनाई है, जो सड़क निर्माण से जुड़ी हर बात की बारीकी से पड़ताल करेगी। दो सदस्यीय तकनीकी टीम खास तौर पर निर्माण की तकनीकी स्वीकृति से लेकर सड़क बनाने में इस्तेमाल मटेरियल, संबंधित एजेंसी और ठेकेदारों की भी जांच की जाएगी। इसके लिए जानकारी भी मांगी गई है। गठित जांच दल 5 दिन में यह सुनिश्चित करेगा कि सड़क का नियम और मापदंड के अनुसार निर्माण किया गया है या नहीं और अगर नहीं किया गया है तो इसके पीछे दोषी कौन हैं। ये पता लगाया जाएगा।

### वॉटर ड्रेन प्रोजेक्ट के तहत निर्माण

फिलहाल पहली बारिश में हुए इन गड्ढों को भरने की कवायद जारी है और अब जांच रिपोर्ट आने का इंतजार है। इसके बाद ही इतनी जल्दी सड़क धंसने के कारण पता चल पाएगा। बताया जा रहा है कि पिछले 15 दिन में ये सड़क 8 से 9 बार धंस चुकी है। इस सड़क पर ऐसे गड्ढे पड़ गए हैं, जैसे सड़क में कोई सुरंग बना दी गई हो। इस सड़क को बनाने में 18 करोड़ की लागत आई थी, जिसका वॉटर ड्रेन प्रोजेक्ट के तहत निर्माणा कराया गया था। इसमें जय विलास पैलेस से लेकर चेतकपुरी, माधव नगर गेट से होकर गुजरने वाली सड़क के निर्माण में 4130 करोड़ लगे थे।

## एमपी में एक अक्टूबर से महंगा होगा टाइगर रिजर्व पर्यटन

संवाददाता ● इंदौर

**फैसला**



एमपी में नेशनल पार्क और टाइगर रिजर्व में घूमना एक अक्टूबर से महंगा हो जाएगा। सरकार ने मौजूदा प्रवेश टिकट फीस में दस फीसदी की बढ़ोतरी करने का फैसला किया है। विदेशी पर्यटकों को भारतीय पर्यटकों की बजाय दोगुनी टिकट फीस देनी होगी। प्रदेश के सभी राष्ट्रीय उद्यानों एवं बाघ अभयारण्यों में भ्रमण के लिए प्रवेश टिकट की बुकिंग एमपी ऑनलाइन के माध्यम से होती है। प्रदेश के ज्यादातर टाइगर रिजर्व में सोमवार से शुक्रवार तक छह लोगों के प्रवेश पर 2400 रुपए और शनिवार-रविवार को 3000 रुपए प्रवेश शुल्क लिया जाता है। एक अक्टूबर से इसमें 10 प्रतिशत की वृद्धि हो जाएगी। इसके बाद पर्यटकों को क्रमशः 240 और 300 रुपए अधिक चुकाने पड़ेंगे। इसमें जिप्सी का किराया शामिल नहीं है। जिप्सी के लिए पर्यटकों को अलग-अलग पार्क में 2000 से 3500 रुपए तक अतिरिक्त देने पड़ते हैं। वहीं विदेशी पर्यटकों को दो गुना शुल्क चुकाना पड़ता है।

### टिकट के दाम बढ़ाने ऐसे हुआ था फैसला

प्रदेश सरकार ने 22 अक्टूबर 2024 को एक अधिसूचना जारी की थी, जिसमें मैहर जिले के मुकुंदपुर वाइट टाइगर सफारी, भोपाल के वन विहार राष्ट्रीय उद्यान और इंदौर के रालामंडल अभयारण्य के प्रवेश शुल्क में 5 रुपए की बढ़ोतरी की गई थी। इसी अधिसूचना में यह भी प्रावधान किया गया था कि प्रदेश के सभी संरक्षित क्षेत्रों (नेशनल पार्क और टाइगर रिजर्व) के प्रवेश शुल्क में हर तीन साल में 10 प्रतिशत की वृद्धि की जाएगी। यह नीति 2025-26 से प्रभावी हो रही है। इसलिए एक अक्टूबर से सभी नेशनल पार्क और टाइगर रिजर्व में घूमना महंगा हो जाएगा।

### तीन माह बंद रहेंगे पार्क

मानसून के कारण प्रदेश के सभी संरक्षित क्षेत्रों में तीन माह (जुलाई से सितंबर) पर्यटन बंद रहेगी। इसके दो कारण हैं। पहला तो यह ब्रीडिंग सीजन है और दूसरा बारिश के कारण नदी-नालों में काफी पानी रहता है। बारिश के कारण जंगल के रास्ते भी खराब हो जाते हैं। ऐसे में पर्यटन कराना खतरे से खाली नहीं है। इसलिए 1 जुलाई से 30 सितंबर तक सभी पार्क बंद कर दिए जाते हैं। यानी 1 अक्टूबर को इन पार्कों में फिर से पर्यटन शुरू होगा।

'मुझे हनीमून पर नहीं जाना' सोनम से कम नहीं एमपी की प्रीति

# पति की हत्या का बनाया था फुलप्रूफ प्लान, बाल-बाल बच गया अनिकेत...

संवाददाता ● शिवपुरी

**साजिश**

मध्य प्रदेश में एक और राजा रघुवंशी जैसा केस होने से बच गया। शिवपुरी की रहने वाली 20 साल की प्रीति की साजिश जान आपके पैरों तले जमीन खिसक जाएगी। पहले तो हनीमून पर ले जाकर प्रीति ने अपने पति अनिकेत को ही रास्ते से हटाने की साजिश रची, लेकिन जब पति ने हनीमून पर जाने से इनकार कर दिया तो प्रीति ने प्रेमी संग भागने का प्लान बनाया। हालांकि पुलिस ने उसका ये प्लान भी फेल कर दिया। अब प्रीति, उसका प्रेमी और परिवार के दो अन्य पुलिस की गिरफ्त में हैं। पति अनिकेत ने ही पत्नी प्रीति की साजिश का पर्दाफाश किया और जो बताया, वो काफी चौंकाने वाला था। दरअसल, शिवपुरी जिले में मेडिकल कॉलेज से एक नवविवाहिता के कथित अपहरण का मामला पुलिस जांच में झूठी साजिश निकला। 20 वर्षीय प्रीति परिहार ने अपने प्रेमी अमन कश्यप, ताई मिथलेश और चचेरे भाई दीपक परिहार के साथ मिलकर खुद के अपहरण की कहानी गढ़ी थी। बीते सोमवार को प्रीति अपनी ताई के साथ मेडिकल कॉलेज पहुंची, जहां से वह अचानक लापता हो गई। ताई ने पुलिस को बताया कि चार-पांच युवक कार से आए और धक्का देकर प्रीति को उठाकर ले गए।शहर कोतवाली के टीआई कृपाल सिंह की टीम ने तुरंत जांच शुरू की और कॉलेज गेट के सीसीटीवी फुटेज खंगाले। वीडियो में दोपहर 1:39 बजे प्रीति और उसकी ताई साथ बाहर निकलते दिखीं। चूंकि प्रीति शादीशुदा थी तो उसने पति अनिकेत परिहार को आखिरी कॉल ग्वालियर बाईपास से दोपहर 2:30 बजे किया था। जांच आगे बढ़ी तो साजिश उजागर हो गई। पुलिस ने प्रीति को कानपुर से बरामद किया और अमन कश्यप को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में सामने आया कि दोनों पिछले दो वर्षों से प्रेम संबंध में थे।



### इसी वर्ष अप्रैल में हुई थी दोनों की शादी

अप्रैल 2025 में प्रीति की शादी अनिकेत से बैराड़ में आयोजित सम्मेलन में से हुई थी, लेकिन वह अमन संग रहना चाहती थी। अमन कश्यप के संग भागने के लिए प्रीति ने चचेरे भाई दीपक परिहार, ताई मां मिथलेश के साथ मिलकर खुद के अपहरण की साजिश रची। इलाज कराने के बहाने मिथलेश के संग प्रीति शिवपुरी आई और खुद के अपहरण की कहानी गढ़ दी। प्रीति दोपहर 1:40 बजे जीएमसी से माधव चौक पहुंची। दो बजे माधव चौक पर पहुंचकर अमन इंतजार करने लगी। यहां सीसीटीवी होने की वजह से अमन को मिर्ची बाजार बुलाया और 2:35 पर दोनों निकल गए।

### पहले फोन पर प्यार भरी बातें, फिर ऑफ हो गया मोबाइल

पति अनिकेत का कहना है कि एक साल पहले सगाई के बाद खूब बातचीत होती थी। कभी नहीं लगा कि प्रीति ऐसा कर सकती है। सोमवार की दोपहर 2:30 बजे मेरी बात हुई तो कहने लगी कि तुम्हारी बहुत याद आ रही है। दो मिनट बाद ही फोन बंद हो गया। पति का शक है कि ताई व भाई ने अमन से 4-5 लाख रुपए लिए हैं और मेरी पत्नी को बेच दिया है। अमन प्रीति के घर के सामने ही टोल प्लाजा पर काम करता था। यहीं से दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ीं। बता दें कि प्रीति की मां का बचपन में ही निधन होने पर ताई मिथलेश ने उसे पाला था।

दैनिक आदित्य भारत
!! श्रीकृष्ण शरणंमम !!
सदैव सत्य के साथ...
इंदौर, शुक्रवार, 04 जुलाई, 2025
www.adityabharat.com



## परिणीति ने बताया कि पति राघव को कई फिल्मों के आ चुके हैं ऑफर...



बॉलीवुड एक्ट्रेस परिणीति चोपड़ा ने कई बेहतरीन फिल्मों में काम किया है लोग उन्हें काफी पसंद भी करते हैं। जब उनकी शादी पॉलीटिशियन राघव चड्ढा से हुई तो इसने खूब सुर्खियां बटोरीं। वहीं राघव और परिणीति की जोड़ी को बहुत पसंद भी किया जाता है। इसीलिए फैंस की हमेशा डिमांड रहती है कि क्या हम कभी राघव को फिल्मों में देख पाएंगे। इसका जवाब अब खुद परिणीति ने दे दिया है। वे हाल ही में अपनी बहन और एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा की फिल्म हेड्स ऑफ स्क्रीनिंग के मौके पर इस बारे में बात की। परिणीति चोपड़ा लंदन में अपनी बहन प्रियंका चोपड़ा की फिल्म 'हेड्स ऑफ स्टेट' की स्पेशल स्क्रीनिंग के लिए 2 जुलाई को प्राइम वीडियो पर प्रीमियर हुई हैं। एक्शन-पैक फिल्म के एक्साइटमेंट के बीच परिणीति ने राघव के फिल्मों में आने के सवाल का जवाब भी दिया। स्क्रीनिंग पर बात करते हुए परिणीति ने कहा, 'दरअसल वे बहुत अच्छे दिखते हैं, हर कोई हमेशा मेरे साथ मजाक करता है और कहता है, सुनो, 'उसे फिल्मों में होना चाहिए'। लोग हमेशा कहते हैं और हम हमेशा मुस्कुराते हैं। यह बहुत प्यारा है, लेकिन वे पॉलीटिक्स में एक्टिव हैं और वहीं करना चाहते हैं'। परिणीती ने आगे कहा, 'वे राजनीति में ही रहेंगे, उनका साफ कहना है जो मैं कर रहा हूं वहीं करुंगा। वे देशभक्त हैं और देश के लिए काम करना चाहते हैं तो क्लियर है कि उनका फिल्मों में आने का कोई प्लान है'। वर्कफ्रंट की बात करें तो परिणीति चोपड़ा पिछली बार अमर सिंह चमकीला में नजर आई थीं जिसमें उनके साथ दिलजीत दोसांझ थे। फिलहाल उनके आने वाले प्रोजेक्ट्स के बारे में कोई जानकारी नहीं हैं। इसके अलावा 'हंसी तो फंसी' एक्ट्रेस ने अपनी बिंज-वॉचिंग आदतों के बारे में बात की और मजाक में कहा कि कैसे राघव चड्ढा हमेशा समाचार देखते रहते हैं. परिणीति ने कहा, 'राघव हमेशा जीतता है क्योंकि हम हर दिन समाचार देखते हैं और अब मैं समाचार देखे बिना सो नहीं सकती. वह सही में हमेशा मुझसे कहता है कि 'सुनो, मेरे पास इतना देखने का समय नहीं है, इसलिए तुम्हें मुझे अच्छी चीजें सजेस्ट करनी होंगी।

## बजरंगी भाईजान की 'मुन्नी' को मिल गई फिल्म



निर्देशक कबीर खान की फिल्म बजरंगी भाईजान से फैंस के दिलों पर राज करने वालीं मुन्नी उर्फ हर्षाली मल्होत्रा को भला कौन भूल सकता है। पहली ही फिल्म में बतौर बाल कलाकार अदाकारी की शानदार छाप छोड़ने वालीं हर्षाली को अब एक नई फिल्म मिल गई है, जिसका एलान मेकर्स की तरफ से किया गया है। हर्षाली मल्होत्रा को एक दिग्गज साउथ सुपरस्टार की फिल्म में मौका मिला है। आइए इस मामले को थोड़ा और विस्तार से जानते हैं कि आने वाले समय में वह कौन सी मूवी में दिखाई देंगी। सलमान खान की बजरंगी भाईजान में जिस तरह से हर्षाली मल्होत्रा ने अपनी क्यूटनेस हर किसी का दिल जीता, उससे ये अनुमान लग गया कि आने वाले समय में वह सिनेमा जगत का बड़ा चेहरा बनेंगी। बॉलीवुड के बाद अब हर्षाली को साउथ सिनेमा में अपना हुनर दिखाने का मौका मिला है। दरअसल आने वाले समय में वह साउथ सिनेमा के दिग्गज अभिनेता नंदमुरि बालाकृष्ण की मोस्ट अवेटेड मूवी अखंडा 2 में दिखाई देंगे। मेकर्स की तरफ से अखंडा पार्ट 2 में हर्षाली मल्होत्रा की एंट्री पर आधिकारिक मुहर लगी है। फिल्म समीक्षक तरण आदर्श ने इस मामले की जानकारी अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर शेयर कर की है।

## 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' नहीं छोड़ रहीं बबीता जी

### शो छोड़ने की खबरों पर मुनमुन दत्ता का रिएक्शन, बोलीं- अफवाहें हमेशा सच नहीं होती हैं



पिछले कुछ समय से ऐसी खबरें आ रही थीं कि टीवी शो 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में बबीता का किरदार निभाने वाली एक्ट्रेस मुनमुन दत्ता ने शो छोड़ दिया है। लेकिन अब मुनमुन दत्ता ने खुद इन खबरों पर रिएक्शन दिया और उन्हें खारिज कर दिया है। मुनमुन दत्ता ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वह शो की शूटिंग करते हुए दिखाई दे रही हैं। इसके साथ ही उन्होंने कैप्शन में लिखा, अफवाहें हमेशा सच नहीं होती हैं। एक्ट्रेस की इस पोस्ट पर उनके फैंस भी जमकर रिएक्ट कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, हम हर साल ऐसी अफवाहें सुनते हैं।, दूसरे ने कहा, जलने वाले भाग गए और मुनमुन जी वापस आ गईं।, तीसरे ने कहा, आप बबीता जी आखिरकार वापस आ गईं।, इसके अलावा कई और यूजर्स ने कमेंट्स किए। बॉलीवुड शादी के मुताबिक, असित मोदी ने भी इस मामले में अपना बयान दिया था। उन्होंने कहा, 'आपको मालूम है कि आज का सोशल मीडिया कैसा है। सोशल मीडिया इतना निगेटिव हो चुका है कि आप को पॉजिटिव सोच रखनी चाहिए और तारक मेहता का उल्टा चश्मा एकदम पॉजिटिव शो है। फैमिली शो है। खुशियां देता है तो उसके बारे में तो लोगों पॉजिटिव सोच रखनी चाहिए। ये नहीं कि कुछ भी छोटी-छोटी बातों पर कुछ भी अफवाह फैला दो। कुछ भी अनचाही बात करो। वो अच्छी बात नहीं है, जो दर्शक हैं जब भी मुझे कोई पर्सनल मिलते हैं और कुछ भी शो पर कहानियों की बात करते हैं तो मैं उनको बहुत पॉजिटिव लेता हूं। क्योंकि दर्शक ही हमारा है सबकुछ। शो उनकी खुशियों के लिए ही बना है। टीवी का फेमस शो 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' अक्सर सुर्खियों में रहता है। कभी यह शो कलाकारों की रुखसती को लेकर चर्चा में रहता है, तो कभी मेकर्स पर मानसिक उत्पीड़न (मेंटल हैरेसमेंट) जैसे आरोप लगाए जाते हैं।


## कपड़े किराए पर लेना विक्रांत मैसी की जेब पर पड़ता था भारी



हिंदी सिनेमा का हिस्सा बनना और अपने काम से बड़े-बड़े सितारों के बीच अपनी पहचान बनाना कोई आसान काम नहीं है। वहीं स्टार बनने के बाद लोगों के बीच नजर आना भी जरूरी होता है। कई सितारे पीआर स्ट्रेटजी का भी सहारा लेते हैं, जिसके चलते वह ट्रेंड में बने रहते हैं। हालांकि कई सितारे ऐसे हैं, जो अपने काम के अलावा इन बातों पर इतना गौर नहीं करते हैं। विक्रांत मैसी उन्हीं सितारों में से एक हैं। पॉडकास्ट पर रिया चक्रवर्ती के साथ बातचीत करते हुए, विक्रांत ने ग्लैमरस पीआर लाइफस्टाइल अपनाने की अपनी शॉर्ट-लिव्ड कोशिशों के बारे में बात की और बताया कि कैसे इससे उन्हें ऑथेंटिक के अलावा कुछ और महसूस हुआ। विक्रांत ने पीआर ग्लैम लाइफ छोड़ने को लेकर खुलकर बात की।

विक्रांत ने कहा "कुछ दिन ऐसे भी होते हैं जब मैं पीछे बैठकर अपनी पसंद पर सवाल उठाते हैं। कुछ दिन ऐसे भी होते हैं जब मैं शायद कमज़ोर पड़ जाता हूं और 2-3 दिन तक इसी सोच में डूबा रहता हूं कि क्या मैं सही काम कर रहा हूं, क्या मुझे खुद को किसी खास तरीके से पेश करना चाहिए ? क्या मुझे वाकई बाहर जाकर पापा से तस्वीरें खिंचवानी चाहिए ? हर किसी का अपना-अपना, वो ज़रूरी भी है क्योंकि उसका एक ट्रैक्शन है." एक्टर ने बताया कि कैसे उन्होंने इसमें शामिल होने की कोशिश की – पार्टियों में जाना, डिजाइनर कपड़े किराए पर लेना। लेकिन जल्द ही उन्हें एहसास हो गया कि यह उनके लिए नहीं है। विक्रांत ने आगे कहा, "मैंने 4-5 महीने या शायद आधे साल तक कोशिश की। मैंने पार्टियों में जाना शुरू किया, मैंने कपड़े किराए पर लेने शुरू किए, और वे बहुत महंगे थे। इतना पैसा लगता है एक ही बार कपड़े पहनने के लिए। एक दिन में 50-60 हजार, एक इवेंट के लिए। मेरी पत्नी, जो उस समय मेरी गर्लफ्रेंड थी, ने कहा क्यों ? 4-5 घंटे तक, तुम बड़े डिज़ाइनर के कपड़े पहनते हो, वो पूरे महीने का खर्चा है हमारा।

## अजय : द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ ए योगी का टीजर रिलीज




अनंत जोशी और परेश रावल की अजयः द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ ए योगी के मेकर्स ने 2 जुलाई को फिल्म का टीजर रिलीज कर दिया है। यह उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री 'योगी आदित्यनाथ - द मॉन्क हू बिकेम चीफ मिनिस्टर' की बायोपिक से प्रेरित एक बायोग्राफिकल ड्रामा है, जिसे शांतनु गुप्ता ने लिखा है। अनंत जोशी ने इसमें योगी आदित्यनाथ की भूमिका निभाई है। अन्य कलाकारों में निरहुआ, पवन मल्होत्रा, राजेश खट्टर और अन्य शामिल हैं। अजय का निर्देशन रवींद्र गौतम ने किया है। टीजर में एक ऐसे व्यक्ति की यात्रा की एक मनोरंजक झलक दिखाई गई है, जिसने एक संन्यासी होते हुए राजनीति में सफलता हासिल की। जिसमें उसने भ्रष्टाचार के खिलाफ संघर्ष और माफिया वर्चस्व के खिलाफ लड़ाई के बारे में भी बताया गया है। टीजर में योगी आदित्यनाथ के संन्यासी बनने से लेकर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री बनने तक की यात्रा दिखाई गई है। मेकर्स द्वारा सोशल मीडिया पर टीजर शेयर किए जाने के तुरंत बाद नेटिजन्स ने योगी के किरदार में अनंत की खूब तारीफ की। टीजर पर कमेंट करते हुए एक यूजर ने कमेंट किया, 'अनंत, कहने की जरूरत नहीं है, आप एक बहुत अच्छे अभिनेता हैं। ट्रेलर वाकई शानदार है'। एक ने लिखा, 'अनंत आप पूरी तरह से आग हैं, मुझे आपकी एक्टिंग बहुत पसंद है'। टीजर में शानदार डायलॉग भी बोले गए हैं, एक डायलॉग है जिसमें अनंत कहते हैं, 'बाबा आते नहीं प्रकट होते हैं'। एक डायलॉग है- चाणक्य भी एक योगी थे, भगवान परशुराम भी योगी थे और आज ये योगी आप सबके सामने शपथ लेता है कि इन माफिआयों को घूटने पर लाकर माफी मंगवाऊंगा'।

## सरदार जी 3 विवाद के बीच बॉर्डर 2 से बाहर किए गए दिलजीत? एक्टर ने वीडियो पोस्ट कर दिया जवाब

पंजाबी एक्टर और सिंगर दिलजीत दोसांझ अपनी फिल्म सरदार जी 3 को लेकर चर्चा में बने हुए है। इस फिल्म में पाकिस्तानी एक्ट्रेस हानिया आमिर के होने से फिल्म विवादों में आ गई है। ये फिल्म विदेशों में रिलीज हो चुकी है, लेकिन भारत में फिल्म अभी रिलीज नहीं हुई है। सरदार जी 3 विवाद के बीच कई लोग दिलजीत को जेपी दत्ता की आनेवाली बॉर्डर 2 से निकालने की मांग कर रहे थे। वहीं, सोशल मीडिया पर ये भी दावा किया जा रहा था कि दिलजीत को फिल्म से बाहर कर दिया गया है। अब दिलजीत ने इन अफवाहों का जवाब दिया है। फेडरेशन ऑफ वेस्टर्न इंडिया सिने एम्प्लॉइज दिलजीत को बॉर्डर 2 से निकालने की मांग कर रहे थे। अब दिलजीत ने बॉर्डर 2 के सेट से एक वीडियो शेयर करते हुए ऐसी अफवाहों को शांत करा दिया है। दिलजीत ने जो वीडियो पोस्ट किया है उसमें बॉर्डर का गाना संदेशे आते हैं प्ले हो रहा है और कैप्शन में लिखा है बॉर्डर 2। दिलजीत ने जो वीडियो पोस्ट किया है। इस वीडियो में दिलजीत वैनिटी से बाहर आते हैं। दिलजीत ने यूनिफॉर्म पहनी हुई है और उन्होंने नीली पगड़ी बांधी हुई है। वीडियो में दिलजीत कुछ लोगों को हाथ जोड़कर मिलते हैं। इसके बाद दिलजीत स्क्रिप्ट पढ़ते नजर आते हैं। बॉर्डर 2 की बात करें तो इस फिल्म में सनी देओल, वरुण धवन, अहान शेट्टी नजर आएंगे। फिल्म की रिलीज की बात करें तो माना जा रहा है ये फिल्म जनवरी 2026 में रिलीज हो सकती है। हालांकि,फिल्म की रिलीज की कोई आधिकारिक डेट सामने नहीं आई है।



## फिल्मों में एजेंट बनकर प्रियंका ने मचाया है कोहराम

हॉलीवुड फिल्म 'हेड्स ऑफ स्टेट' में प्रियंका चोपड़ा का MI6 एजेंट वाला किरदार तहलका मचा रहा है। पर क्या आप जानते हैं, ये पहला मौका नहीं जब प्रियंका ने खुफिया मिशन संभाला है ? बॉलीवुड से हॉलीवुड तक, 'देसी गर्ल' ने कई बार पुलिस अधिकारी या तेज-तर्रार एजेंट बनकर बड़े पर्दे पर अपना जलवा दिखाया है। उनकी हर भूमिका में एक अलग ही दबंगई और स्टाइल देखने को मिलता है। जहां प्रियंका चोपड़ा ने एक दबंग पुलिस अधिकारी या खुफिया एजेंट की भूमिका निभाकर दर्शकों को चौंका दिया। प्रकाश झा द्वारा निर्देशित गंगाजल फिल्म में प्रियंका चोपड़ा ने एसपी आभा माथुर का मुख्य किरदार निभाया था। ये फिल्म एक ईमानदार और सख्त महिला पुलिस अधिकारी की कहानी थी, जो बांकेपुर जैसे भ्रष्ट जिले में कानून-व्यवस्था स्थापित करने के लिए संघर्ष करती है। प्रियंका ने इस रोल में अपनी दमदार परफॉर्मेंस से खूब वाहवाही बटोरी और दिखा दिया कि वह एक्शन के साथ-साथ गंभीर ड्रामा भी बखूबी निभा सकती हैं। प्रियंका चोपड़ा ने अमेरिकी टीवी सीरीज 'क्वांटिको' में एलेक्स पैरिश नामक एक एफबीआई एजेंट का लीड रोल निभाया था। इस सीरीज ने उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक एक्शन स्टार के रूप में पहचान दिलाई। 'क्वांटिको' में प्रियंका ने एक पुलिस अकादमी के ट्रेनी से लेकर एक भगोड़े जासूस तक का सफर तय किया, जिसमें उन्होंने ढेर सारे हाई-ऑक्टेन एक्शन सीक्वेंस के साथ-साथ कई चैलेंजिंग स्टंट्स खुद परफॉर्म किए। इस हाई-स्टेक जासूसी थ्रिलर सीरीज 'सिटाडेल' में प्रियंका चोपड़ा ने नादिया सिंह नाम की एक टॉप-टियर जासूस का किरदार निभाया है। इस सीरीज में उन्होंने रिचर्ड मैडेन के साथ मिलकर एक क्राइम सिंडिकेट से लड़ाई लड़ी। प्रियंका ने इस सीरीज में भी कई खतरनाक स्टंट्स खुद किए थे।

## कश्मीर में एक लड़के ने तोड़ दिया था इरफान खान की कार का शीशा



इरफान खान के निधन को पांच साल बीत चुके हैं, लेकिन अभी भी उनकी गूंज इंडस्ट्री में है। अंग्रेजी मीडियम से लेकर हैदर, मकबूल, तलवार, पान सिंह तोमर जैसी कई फिल्मों में उन्होंने अपने अभिनय की ऐसी छाप छोड़ी है, जो अमिट है। इरफान खान जितनी आसानी से अपनी फिल्म के डायलॉग्स बोलते थे, वह कला शायद ही किसी और में हो। उनका रोल फिल्म में 2 घंटे का हो या फिर 2 मिनट का, वह ऐसी एक्टिंग करते हैं कि मेन लीड से ज्यादा उनकी चर्चा होती है। आज हम आपको इरफान खान का फिल्म हैदर से जुड़ा ऐसा किस्सा बताने जा रहे हैं, जिसने यूनिट को इतना डरा दिया, लेकिन दिग्गज अभिनेता के चेहरे पर चिंता की एक लकीर तक नहीं थी। इरफान खान और विशाल भारद्वाज का एक-दूसरे से काफी गहरा नाता रहा है। जब इरफान का निधन हुआ था तो विशाल काफी टूट गए थे। उसी दौरान उन्होंने इरफान खान को याद करते हुए साल 2014 में हैदर की शूटिंग के दौरान का एक छोटा स्क्रीनप्ले टाइम्स ऑफ इंडिया के साथ शेयर किया था, जिसमें उन्होंने बताया था कि कैसे एक लड़के ने इरफान खान की कार पर पत्थर से हमला कर दिया था। उन्होंने किस्सा बताते हुए लिखा था कि जब हैदर श्रीनगर में शूट हो रही थी, जोकि एक रियल लोकेशन थी। उस दौरान भीड़ नारे लगा रही थी। वहां पर काफी क्राउड इकठ्ठा हुआ था। उसी दौरान एक लड़का कार के डायरेक्शन की तरफ भागता हुआ आया। उसने अपना शोल्डर पीछे किया और बिल्कुल क्रिकेटर के अंदाज में बॉल को सीधा शीशे पर मारा, जिससे शीशे के टुकड़े-टुकड़े हो गए। युवा लड़के की इस हरकत से सिक्योरिटी इतना ज्यादा घबरा गया कि वह गोली चलाने ही वाला था, लेकिन इरफान ने एंड मोमेंट पर आकर उसे रोक लिया। जम्मू-कश्मीर में इतनी भीड़ और पत्थरबाजी देखकर जहां सभी घबरा गए, तो वहीं इरफान खान इस घटना से बिल्कुल भी नहीं डरे। उन्होंने अपना हाथ ऊपर की तरफ उठाया और फैंस को वेव किया। विशाल ने बताया कि उन्हें देखकर फैंस पूरी तरह से शांत हो गए और एक्टर का नाम चिल्लाते हुए उनके साथ फोटो लेने की कोशिश करते रहे।

# श्रीलंका-बांग्लादेश के बीच मैच के दौरान मैदान पर आया सांप, खिलाड़ियों के छूट गए पसीने!




एजेंसी ● कोलंबो

श्रीलंका और बांग्लादेश के बीच खेले गए पहले वनडे मैच के दौरान एक हैरान कर देने वाली घटना हुई। दोनों टीमों के बीच यह मुकाबला कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में खेला जा रहा था। बांग्लादेश की पारी के तीसरे ओर में सनसनाता हुआ एक सांप मैदान पर आ गया। अचानक हुई घटना से हर कोई हैरान था। एहतियात के तौर पर कुछ देर के लिए मैच को भी रोकना पड़ा। वहीं अब इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। सोशल मीडिया पर मीम्स और चुटकुलों की बाढ़ आ गई। कई लोगों ने इसे 'नागिन डर्बी' का नाम दे रहे हैं।

ऐसा पहली बार नहीं जब इस स्टेडियम में कोई सांप दिखाई दिया है। खास तौर से श्रीलंका में खेले गए मैचों में अक्सर इस तरह की घटना देखने को मिली है। लंका प्रीमियर लीग के मैच भी सांपों के कारण बाधित हुए हैं। मैच के दौरान स्टेडियम में के अंदर सांप निकलने की घटना खास तौर से आर प्रेमदासा स्टेडियम में देखने को मिलती रही है।

बता दें कि आर प्रेमदासा स्टेडियम के ग्राउंड स्टाफ भी इस तरह की चीजों के लिए पूरी तरह से तैयार रहते हैं। यही कारण है कि उन्होंने फौरन मैदान पर आए अनचाहे मेहमान को सुरक्षित वहां से हटाया, जिसके बाद खेल शुरू हो पाया। वहीं सांप जहरीला था या नहीं इस बात की पुष्टि नहीं हुई, लेकिन स्टेडियम में बैठे फैंस का कुछ देर के लिए अच्छा मनोरंजन हुआ।वहीं बात करें मुकाबले की तो मेजबान श्रीलंका ने बांग्लादेश पर पहले वनडे में 77 रन से जीत हासिल की। मैच में श्रीलंका ने पहे बल्लेबाजी करते हुए 49.2 ओवर में 244 रन का स्कोर खड़ा किया था। श्रीलंका की तरफ से चरित असलंका 123 गेंदों पर शानदार 106 रनों की पारी खेली। अपनी इस पारी में उन्होंने 6 चौके और 4 छक्के लगाए। इसके अलावा टीम के लिए कुसल मेंडिस ने भी 45 रनों का महत्वपूर्ण योगदान दिया।इसके जवाब में बांग्लादेश की टीम कभी भी लय में नहीं दिखी और 35.5 ओवर में सिर्फ 167 रन पर ऑल आउट हो गई। हालांकि इससे पहले तस्किन अहमद (4 विकेट) और तंजीम हसन साकिब (3 विकेट) ने अच्छी गेंदबाजी की थी, लेकिन बांग्लादेश के बल्लेबाज लक्ष्य का पीछा करने में विफल रहे। कोई भी बल्लेबाज बड़ी पारी नहीं खेल सका।

# इन दो बल्लेबाजों ने तो कटवा ही दी थी नाक, फिर भी यूं बजा बाजबॉल का बाजा, अंग्रेजों की नींद हराम

एजेंसी ● बर्मिंघम

इंग्लैंड के खिलाफ बर्मिंघम टेस्ट मैच के पहले दिन टीम इंडिया ने 5 विकेट के स्कोर पर 310 रन का स्कोर खड़ा किया। टीम इंडिया के लिए कप्तान शुभमन गिल 114 और रविंद्र जडेजा 41 रन बनाकर नाबाद लौटे। मुकाबले में इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने टॉस जीतने के बाद पहले गेंदबाजी का फैसला किया था। बल्लेबाजी में टीम इंडिया की शुरूआत कुछ खास नहीं रही। ओपनर बल्लेबाज केएल राहुल सिर्फ 2 रन बनाकर आउट हो गए। राहुल के बाद तीसरे नंबर पर बैटिंग करने उतरे करुण नायर भी सिर्फ 31 रन बनाकर चलते बने।

ऐसे में दो शुरूआती झटके के बाद टीम इंडिया की स्थिति नाजुक हो गई थी, लेकिन चौथे नंबर पर बैटिंग करने उतरे कप्तान शुभमन गिल ने मोर्चा संभाल लिया था। करुण नायर के आउट होने के बाद यशस्वी जायसवाल भी शतक के करीब पहुंचकर अपना विकेट गंवा दिया। इस तरह शुभमन के साथ उप कप्तान ऋषभ पंत पर जिम्मेदारी बढ़ गई थी, लेकिन उनकी लापरवाही भरे शॉट ने इंग्लैंड को फ्रंट सीट पर ला दिया।

## पंत और नितीश रेड्डी ने बढ़ा दी थी मुश्किलें




हेडिंग्ले टेस्ट मैच की दोनों पारियों में शतक लगाने वाले ऋषभ पंत बर्मिंघम में भी बेहतरीन लय में दिखे, लेकिन शोएब बशीर की गेंद पर वह सिक्स मारने के लिए ललचा गए और अपना विकेट गिफ्ट कर बैठे। नतीजा ये हुआ कि टीम इंडिया ने 208 रन के स्कोर पर अपने 4 विकेट गंवा दी। पंत ने 42 गेंद में 25 रनों की पारी खेली, लेकिन जिस तरह से वह आउट हुए उसे लेकर अब उनकी आलोचना भी हो रही है।

पंत के आउट होने के बाद नितीश कुमार रेड्डी बल्लेबाजी के लिए मैदान पर उतरे। नितीश को बर्मिंघम टेस्ट मैच में शार्दुल ठाकुर की जगह प्लेइंग इलेवन में मौका मिला। ऑस्ट्रेलिया दौरे पर मेलबर्न में शतक लगाने वाले नितीश से उम्मीद थी कि वह कुछ कमाल दिखाएंगे, लेकिन ऐसा नहीं हो पाया। नितीश क्रिस वोक्स की खूबसूरत अंदर आती हुई गेंद पर बोल्ड हो गए। नितीश सिर्फ अपना खाता ही खोल पाए थे।पंत और नितीश कुमार रेड्डी के आउट होने के बाद ऐसा लगा कि टीम इंडिया की पारी लड़खड़ा जाएगी। क्योंकि हेडिंग्ले में टीम इंडिया का मिडिल ऑर्डर किस तरह धराशाई हुआ था ये सबने देखा, लेकिन अच्छी बात ये थी कि कप्तान शुभमन गिल डटे हुए थे। इसके अलावा उन्हें रविंद्र जडेजा का भी बेहतरीन साथ मिला। दोनों ने मिलकर भारतीय टीम को नितीश के बाद कोई विकेट नहीं गिरने दिया। इस तरह अंग्रेज जो 5 विकेट लेकर जश्न में डूब गए थे, दिन का खेल समाप्त होने तक मायूस चेहरा लेकर वापस लौटे। पंत के आउट होने के बाद नितीश कुमार रेड्डी बल्लेबाजी के लिए मैदान पर उतरे। नितीश को बर्मिंघम टेस्ट मैच में शार्दुल ठाकुर की जगह प्लेइंग इलेवन में मौका मिला। ऑस्ट्रेलिया दौरे पर मेलबर्न में शतक लगाने वाले नितीश से उम्मीद थी कि वह कुछ कमाल दिखाएंगे, लेकिन ऐसा नहीं हो पाया।

नितीश क्रिस वोक्स की खूबसूरत अंदर आती हुई गेंद पर बोल्ड हो गए। नितीश सिर्फ अपना खाता ही खोल पाए थे।पंत और नितीश कुमार रेड्डी के आउट होने के बाद ऐसा लगा कि टीम इंडिया की पारी लड़खड़ा जाएगी। क्योंकि हेडिंग्ले में टीम इंडिया का मिडिल ऑर्डर किस तरह धराशाई हुआ था ये सबने देखा, लेकिन अच्छी बात ये थी कि कप्तान शुभमन गिल डटे हुए थे। इसके अलावा उन्हें रविंद्र जडेजा का भी बेहतरीन साथ मिला। दोनों ने मिलकर भारतीय टीम को नितीश के बाद कोई विकेट नहीं गिरने दिया। इस तरह अंग्रेज जो 5 विकेट लेकर जश्न में डूब गए थे, दिन का खेल समाप्त होने तक मायूस चेहरा लेकर वापस लौटे।

# ये शर्मनाक है..! छक्के वाली गेंद पर मारी स्टाइल, सचिन बनने के चक्कर में नीतीश रेड्डी की उड़ी गिल्ली

एजेंसी ● बर्मिंघम



इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के पहले भारतीय टीम ने 5 विकेट के नुकसान पर 310 रन बनाए। दिन का आखिरी विकेट नीतीश कुमार रेड्डी रूप में गिरा। नीतीश कुमार रेड्डी को इंग्लैंड दौरे पर पहली बार मौका मिला है, लेकिन उन्होंने इसे गंवा। सिर्फ इतना ही जिस तरह से नीतीश रेड्डी आउट हुए वह तरीका बहुत ही खराब था। नीतीश कुमार रेड्डी 6 गेंद खेलकर सिर्फ 1 रन बना पाए। नीतीश रेड्डी को दूसरे टेस्ट के लिए शार्दुल ठाकुर की जगह मौका मिला था, लेकिन अब शायद शुभमन गिल को अपने इस फैसले पर अफसोस हो रहा होगा।

बता दें कि पारी 62वें ओवर में नीतीश रेड्डी क्रिस वोक्स के खिलाफ अपने विकेट को गिफ्ट कर दिया था। नीतीश ने अंदर आती हुई गेंद को सीधे विकेट में जाने के लिए छोड़ दिया, जिसके कारण वह बोल्ड हो गए। नीतीश अगर इसी गेंद पर अटैकिंग अप्रोच के साथ खेलते तो हो सकता था कि उन्हें बाउंड्री मिल जाती, लेकिन डिफेंसिव होकर उनका अंदाजा बिल्कुल ही गलत निकला, जिससे टीम इंडिया को 5वां झटका लगा।

नीतीश कुमार रेड्डी के विकेट के बाद टीम इंडिया के लिए कप्तान शुभमन गिल और रविंद्र जडेजा ने मिलकर मोर्चा संभाला। दिन के खेल की समाप्ति तक शुभमन गिल 114 रन रन बनाकर नाबाद पवेलियन वापस लौटे। इस दौरे पर शुभमन गिल का यह बैक टू बैक दूसरा शतक है। शुभमन गिल ने हेडिंग्ले टेस्ट मैच की पहली पारी में शतक लगाया था।वहीं रविंद्र जडेजा 41 रन बनाकर खेल रहे हैं। जडेजा ने पहले दिन के खेल में शुभमन गिल का बेहतरीन साथ निभाया। इससे पहले ओपनर बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने अपनी दमदार फॉर्म को जारी रखते हुए 87 रनों की पारी खेली। हालांकि, वह शतक से चूक गए। यशस्वी ने भी टीम इंडिया के लिए हेडिंग्ले टेस्ट में शतक लगाया था।



यूक्रेन की दयाना यास्त्रेम्स्का लंदन में विंबलडन टेनिस चैंपियनशिप में महिला एकल के पहले दौर का मैच जीतने के बाद अमेरिका की कोको गौफ से हाथ मिलाती हुई।

# वैभव सूर्यवंशी से टूटते-टूटते रह गया ऋषभ पंत का रिकॉर्ड, तूफानी बैटिंग से फिर भी कमाल कर गए

एजेंसी ● नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट की नई सनसनी बन चुके वैभव सूर्यवंशी इंग्लैंड में अंडर-19 वनडे सीरीज में तहलका मचा रहे हैं। सीरीज के तीसरे मुकाबले वैभव ने अपनी तूफानी बैटिंग से कोहराम मचा दिया। वैभव सूर्यवंशी ने सिर्फ 31 गेंद में 86 रनों की दमदार पारी खेली। अपनी इस पारी में उन्होंने सिर्फ 20 गेंद में अर्धशतक पूरा कर लिया। इसके साथ ही वह अंडर-19 क्रिकेट में सबसे तेज वनडे फिफ्टी लगाने वाले दूसरे भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं। इस मामले में सीनियर टीम के मौजूदा विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत पहले स्थान पर हैं।


ऋषभ पंत ने साल 2016 में नेपाल के खिलाफ सिर्फ 18 गेंद में फिफ्टी पूरी कर इतिहास रचा था। इस तरह अगर वैभव सूर्यवंशी 3 गेंद पहले अपना पचासा पूरा करते तो ऋषभ पंत का अंडर-19 क्रिकेट में बनाया गया ये महारिकॉर्ड टूट सकता था। वहीं वैभव के बैटिंग की बात करें तो अपनी इस पारी में उन्होंने 6 चौके और 9 छक्के भी लगाए। सूर्यवंशी के नौ छक्के अंडर-19 वनडे में किसी भारतीय बल्लेबाज द्वारा लगाए गए सर्वाधिक छक्के हैं, उन्होंने मनदीप सिंह के आठ छक्कों के पिछले रिकॉर्ड को तोड़ दिया।इंग्लैंड के खिलाफ अंडर-19 वनडे सीरीज के पिछले दो मैचों में वैभव सूर्यवंशी 40 के करीब पहुंचकर आउट हो जा रहे थे, लेकिन तीसरे मैच में वैभव ने गेंदबाजों पर अपना कहर बरपाया। वैभव सूर्यवंशी की तेज तर्रार फिफ्टी से भारत ने 269 रनों के लक्ष्य को 34.3 ओवर में ही हासिल कर लिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम को बीच के ओवरों में थोड़ी मुश्किल का सामना करना पड़ा और टीम 24वें ओवर में 199 पर 6 विकेट गंवा चुकी थी। इसके बाद ऑलराउंडर कनिष्क चौहान नाबाद 43 रन बनाए और आरएस अंबरीष (31 नाबाद) के साथ मिलकर 75 रन की अटूट साझेदारी करके टीम को जीत दिलाई।वहीं इंग्लैंड की पारी की बात करें तो कप्तान थॉमस रेव ने नाबाद 76 रन बनाए, जबकि सलामी बल्लेबाज बेन डॉकिंस ने शानदार 62 रन बनाकर फॉर्म में वापसी की। इस तरह बारिश की वजह से देरी से शुरू हुए मैच में इंग्लैंड की टीम 268 रन का स्कोर खड़ा पाई, लेकिन उसके गेंदबाज इस स्कोर का बचाव नहीं कर पाई, जिससे टीम को करारी हार मिली।



# बेइमान अंग्रेज! शुभमन गिल के शतक को रोकने के लिए किया था ये घटिया काम, फिर ऐसे हुआ एक्सपोज

एजेंसी ● बर्मिंघम

भारत और इंग्लैंड के बीच बर्मिंघम में दूसरे टेस्ट मैच का रोमांच शुरू हो चुका है। टॉस हारने के बाद पहले बल्लेबाजी करने उतरी टीम इंडिया ने पहले दिन की समाप्ति तक 5 विकेट पर 310 रन बनाए। टीम इंडिया के लिए कप्तान शुभमन गिल और रविंद्र जडेजा नाबाद पवेलियन वापस लौटे। गिल 114 रन बनाकर खेल रहे हैं जबकि जडेजा ने 41 रन बनाए। गिल का इस सीरीज में बैक टू बैक दूसरा शतक है।

शुभमन गिल ने टीम इंडिया के लिए उस पारी को संभाला जब इंग्लैंड ने शुरूआती विकेट लेकर दबाव बढ़ा दिया था। इस दौरान गिल इंग्लैंड के सामने दीवार बनकर खड़े रहे। ऐसे में इंग्लैंड के गेंदबाजों ने उन्हें आउट करने के लिए कुछ ऐसे हथकंडे अपनाए जो खेल भावना के खिलाफ था। दरअसल इंग्लैंड के गेंदबाज जब विकेट के लिए तरस रहे थे तब 34वां ओवर करने आए ब्रायडन कार्स ने उनका ध्यान भटकाने की कोशिश की थी, लेकिन इस घटिया हरकत में अंग्रेज गेंदबाज को सफलता नहीं मिली।

केएल राहुल और करुण नायर के विकेट के बाद शुभमन गिल और यशस्वी ने मिलकर पारी को अच्छे से संभाला। 34वें ओवर तक इंग्लैंड के गेंदबाज विकेट के लिए पूरी तरह से परेशान थे। इसी दौरान ब्रायडन कार्स जब 34वां ओवर करने आए तो उन्होंने गेंद डालते समय में शुभमन को उंगली से कुछ इशारा किया। शुभमन को भी समझते देर नहीं लगी कि ब्रायडन उनका ध्यान भटका रहे हैं। इससे शुभमन नाराज भी हो गए।हालांकि, ब्रायडन कार्स गेंद डाल पाते उससे पहले शुभमन अपना विकेट छोड़ पीछे हट गए। इससे ब्रायडन गेंद नहीं डाल पाए। इस घटना के बाद सोशल मीडिया पर इंग्लैंड के इस पेसर की यूर्जस ने खूब क्लास लगाई। ब्रायडन के लिए यहां तक कहा गया कि शुभमन को आउट करने के लिए उन्होंने चीटिंग करने की कोशिश थी, लेकिन सफलता नहीं मिल पाई।

# किंग ऑफ द रिंग भले ही मिली करारी हार, लेकिन 16 साल छोटी रेसलर का दिल जीत ले गया ये पहलवान

नई दिल्लीः डब्ल्यूडब्ल्यूई स्टार डेमियन प्रीस्ट के जीवन में प्यार की दस्तक हुई है। अफवाह है कि वे एक अन्य हहए स्टार को डेट कर रहे हैं। डेमियन का करियर पिछले दो सालों में तेजी से आगे बढ़ा है। उन्होंने 2024 में 118 दिनों तक वर्ल्ड हैवीवेट चैंपियन का खिताब भी अपने नाम किया। अब उनकी निजी जिंदगी भी खुशहाल होती दिख रही है। द रेसलिंग ऑब्जर्वर न्यूजलेटर के अनुसार, 42 वर्षीय डेमियन, 26 साल की ठळ स्टार लोला वाइस को डेट कर रहे हैं।

लोला ने तीन साल पहले हहए ज्वाइन किया था और तब से ठळ में प्रतिस्पर्धा कर रही हैं। हाल ही में, लोला ने डेमियन के साथ न्यूयॉर्क यांकीज गेम की एक फोटो पोस्ट की जिससे उनके रिश्ते की पुष्टि होती दिख रही है। डेमियन प्रीस्ट ने हाल ही में अपने हहए कॉन्ट्रैक्ट के बारे में खुलकर बात की। उन्होंने बताया कि उन्हें इस कॉन्ट्रैक्ट में क्या-क्या फायदे मिले हैं। डेमियन ने व्हाट डू यू वाना टॉक अबाउट? पॉडकास्ट पर कोडी रोड्स से बात करते हुए यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि उन्होंने कॉन्ट्रैक्ट में फ्लाइट में फर्स्ट क्लास सीट की मांग की थी।डेमियन ने कहा, 'मैं अब और दर्द में नहीं रहना चाहता था। मैं अब कुबड़ा होकर नहीं रहना चाहता।

मैं एक बड़ा आदमी हूं और मुझे तकलीफ होती है।' उन्होंने आगे कहा, 'मुझे नियम नहीं पता थे, मुझे पॉलिटिक्स नहीं आती थी, मुझे चीजें मांगना नहीं आता था। लेकिन पहली बार उन्होंने कहा, हां, अब से तुम प्लेन में आगे बैठ सकते हो।' डेमियन प्रीस्ट पिछली बार स्मैकडाउन में नजर आए थे। वहां उन्होंने किंग ऑफ द रिंग क्वालीफायर में हिस्सा लिया था, लेकिन वे हार गए थे। उनकी गर्लफ्रेंड लोला वाइस भी अपने पिछले ठळ मैच में जॉर्डिन ग्रेस से हार गई थीं।डेमियन प्रीस्ट और लोला वाइस के रिश्ते की खबर से फैंस काफी उत्साहित हैं। दोनों ही हहए के लोकप्रिय स्टार हैं और उनके रिश्ते को लेकर सोशल मीडिया पर खूब चर्चा हो रही है। यह देखना दिलचस्प होगा कि डेमियन प्रीस्ट और लोला वाइस का रिश्ता आगे कैसे बढ़ता है। फैंस उन्हें साथ में देखने के लिए बेताब हैं।

दैनिक अदित्य भारत
!! श्रीकृष्ण शरणंमम!!
सदैव सत्य के साथ...
इंदौर, शुक्रवार, 04 जुलाई, 2025
www.adityabharat.com






नशे पर वार...19 टन नशीले पदार्थ स्वाहा

यमन के हौथी समूह के सुरक्षा बलों ने 19 टन नशीले पदार्थ, हशीश और अन्य अवैध ड्रग्स नष्ट किए।

# इंडोनेशिया के बाली द्वीप के पास जहाज डूबा

**65 लोगों को ले जा रहा थी, 4 की मौत, 38 लापता, नौ बोट बचाव में जुटी**



**इंडोनेशिया ● एजेंसी**

इंडोनेशिया के बाली द्वीप के पास आज 65 लोगों को ले जा रही एक जहाज के डूबने से 4 लोगों की मौत हो गई और 23 को बचा लिया गया है। जबकि 38 लोग अब भी लापता हैं। केएमपी टुनु प्रतामा जया नामक ये जहाज पूर्वी जावा के केतापांग बंदरगाह से बाली के गिलिमानुक बंदरगाह जा रही थी, यह 50 किलोमीटर का सफर था। रवाना होने के करीब 30 मिनट बाद यह डूब गई। जहाज पर करीब 53 यात्री और 12 चालक दल के सदस्य सवार थे, साथ ही 22 वाहन भी थे, जिनमें कई ट्रक भी शामिल थे। अब तक दो शव बरामद किए जा चुके हैं और 20 लोगों को बचाया जा चुका है। बचाए गए लोगों में से कई लोग लोगों की हालत गंभीर है। सुरबाया बचाव एजेंसी ने गुरुवार को एक बयान में कहा- जहाज स्थानीय समयानुसार रात के लगभग 11 बजकर 20 मिनट पर डूबी। बचाव के लिए नौ बोट जिनमें टगबोट और इन्फ़्लेटेबल जहाज शामिल हैं, सक्रिय रूप से लापता लोगों की तलाश कर रही हैं। दो मीटर तक ऊंची लहरों के कारण बचाव दल को लोगों को ढूंढने में परेशानी हो रही है। राष्ट्रीय खोज और बचाव एजेंसी का कहना है कि जब तक सभी लापता लोगों का पता नहीं चल जाता, तब तक प्रयास जारी रहेंगे। इंडोनेशिया के मालुकु में 3 जनवरी 2025 को एक स्पीडबोट 2 नोना डूब गई थी। यह बोट सेराम भागियन बारात से अम्बोन जा रही थी। रास्ते में यह एक तैरते लकड़ी के लट्ठे से टकरा गई, जिससे इसका पतवार टूट गया और यह डूब गई।

## शॉट न्यूज

### थाईलैंड में 24 घंटे के लिए पीएम बने सूर्या

**बैंकॉक।** थाईलैंड में राजनीतिक उथल-पुथल के बीच बुधवार को सूर्या जुंगरुंगरेंगकिट को देश का कार्यवाहक प्रधानमंत्री नियुक्त किया गया है। 70 वर्षीय सूर्या सिर्फ 24 घंटे के लिए प्रधानमंत्री की जिम्मेदारी संभालेंगे। उन्होंने निलंबित प्रधानमंत्री पाइतोंग्तार्न शिनावात्रा की जगह ली है, जिन्हें संवैधानिक अदालत के आदेश के बाद पद से हटाया गया था। सूर्या को थाई राजनीति में 'मौसम विज्ञानी' कहा जाता है, क्योंकि वे हमेशा सत्ताधारी पार्टी के साथ सरकार में रहे हैं। बैंकॉक पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक, थाईलैंड में गुरुवार को मंत्रिमंडल में फेरबदल होना तय है। गृह मंत्री फुमथम वेचायाचाई को उप प्रधानमंत्री के रूप में शपथ दिलाई जा सकती है।

### पाक के खैबर प्रांत के बाजौर जिले में धमाका

**खैबर पख्तूनख्वा।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के बाजौर जिले में कल बम धमाका हुआ। डॉन न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, इसमें एक असिस्टेंट कमिश्नर सहित पांच लोगों की मौत हो गई है। 11 लोग घायल हैं। बाजौर जिला की पुलिस ने बताया कि हमलावरों ने सिद्दीकाबाद रेलवे अटैक एरिया में नवागई रोड पर एक सरकारी गाड़ी को निशाना बनाया था। मरने वाले 5 लोगों में दो पुलिसकर्मियों और एक नागरिक शामिल हैं। विस्फोट इतना जोरदार था कि गाड़ी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। इससे पहले 28 जून को खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के उत्तरी वजीरिस्तान जिले में एक आत्मघाती हमले में 13 पाकिस्तानी सैनिक मारे गए थे। जबकि 10 सैनिक और 19 नागरिक घायल हो गए। हमलावर ने विस्फोटकों से लदी गाड़ी सैन्य काफिले में घुसा दी थी।

### 'टाइगर स्टेट' बाघों की मौत में भी आगे

**नई दिल्ली।** देश में इस साल के पहले छह महीनों में 107 बाघों की मौत दर्ज की गई है। यह आंकड़ा पिछले साल की इसी अवधि की तुलना में 40 फीसद अधिक है और पांच वर्षों में सबसे अधिक है। इन 107 मौतों में 20 बाघ के शावक भी शामिल हैं, जो भविष्य में बाघों की संख्या के लिए एक गंभीर खतरे का संकेत है। वर्ष 2021 से अब तक देश में 666 बाघ मृत पाए गए हैं। केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के तहत काम करने वाले राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए) के आंकड़ों के मुताबिक, इस साल के पहले छह महीनों में 107 बाघों की मौत हुई है जबकि पिछले साल इसी अवधि में 76 बाघों की मौत हुई थी।

**भारत की मांग - टैरिफ 10% या इससे कम रहे**

# भारत से ट्रेड डील जल्द होने की उम्मीद : ट्रम्प

**वॉशिंगटन डीसी ● एजेंसी**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने उम्मीद जताई है कि भारत-अमेरिका के बीच जल्द ट्रेड डील होगी, टैरिफ भी कम रहेंगे। मीडिया से बातचीत में ट्रम्प ने कहा, भारत के साथ ट्रेड डील कुछ अलग होगी। भारत टैरिफ के मामले में किसी भी देश को रियायत नहीं देता है।

**रियायत**

लेकिन मेरा मानना है कि इस बार की ट्रेड डील से दोनों देशों को फायदा मिलने वाला है। ट्रम्प ने डील की डेडलाइन 9 जुलाई रखी है।

अमेरिकी रक्षा मंत्री कहा है कि भारत के किए गए रक्षा सौदे ज अमेरिका ने भारत को जो रक्षा उपकरण दिए हैं, उनका भारतीय सेना सफलतापूर्वक उपयोग कर रही है। हेगसेथ ने 10 साल के नए रक्षा समझौते पर जल्द हस्ताक्षर की उम्मीद जताई। हेगसेथ बोले, दोनों देशों में सैन्य सहयोग बढ़ेगा।

**साल के अंत तक होंगे फाइनल हस्ताक्षर**

रिपोर्ट के अनुसार, दोनों पक्ष इस ट्रेड डील को 2030 तक प्रस्तावित 43 लाख करोड़ के द्विपक्षीय व्यापार समझौते की पहली कड़ी मान रहे हैं। उनका मानना है कि ये डील द्विपक्षीय डील का आधार बनेगी। पीएम नरेंद्र मोदी की फरवरी में अमेरिका यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच ट्रेड 2030 के समझौते पर हस्ताक्षर हुए थे। इस साल सितंबर-अक्टूबर तक दोनों देशों के बीच इस पर फाइनल हस्ताक्षर होने की संभावना है। दोनों देशों के प्रतिनिधियों का कहना है कि व्यापार को बढ़ाने के लिए टैरिफ को घटाने पर साझा कार्रवाई हो।



**डील को लेकर भारतीय प्रतिनिधिमंडल दो शर्तों पर अडिग**

भारत पर ट्रम्प टैरिफ को किसी भी सूरत में 10% या फिर इससे कम ही रखा जाए। ट्रम्प की ओर से अप्रैल में भारत पर लगाए गए 26% टैरिफ को कतई स्वीकार नहीं किया जाएगा। भारत की एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम ईकाई) को अमेरिकी बाजार में अनुकूल हालात मुहैया कराया जाए। इसमें लेदर, गारमेंट, जेम्स-जूलरी और फार्मा मुख्य हैं। भारत का कहना है कि जीएसपी (जनरलाइज्ड सिस्टम ऑफ प्रेफरेंस) की तर्ज पर भारतीय उत्पादों पर जीरो टैरिफ की कैटेगरी बने। 2019 तक लागू जीएसपी से लगभग 20% भारतीय उत्पादों को टैरिफ नहीं चुकाना पड़ता था।

**भारत कुछ अमेरिकी प्रोडक्ट्स पर टैरिफ कम करेगा**

भारत का कहना है कि अमेरिका यदि भारत के साथ वर्तमान में चल रहे व्यापार घाटे को कम करना चाहता है तो उसे कुछ सेक्टरों में भारतीय उत्पादों के लिए बेहतर माहौल देना पड़ेगा। भारत ने कुछ अमेरिकी प्रोडक्ट्स पर टैरिफ में कमी करने का ऐलान कर भी दिया है। अब अमेरिका के पाले में गेंद है। जेपी मॉर्गन की रिपोर्ट के अनुसार यदि 9 जुलाई के बाद भी कई देशों पर ट्रम्प के टैरिफ लागू रहते हैं तो अमेरिकी कर्मचारियों को 7 लाख करोड़ का अतिरिक्त बोझ उठाना पड़ सकता है।

**ट्रेड डील नहीं होने से भारत पर 26% टैरिफ लगेगा**

भारत और अमेरिका के बीच अगर 9 जुलाई तक कोई समझौता नहीं हुआ हुआ तो भारत पर 26% टैरिफ लग सकता है। इस दिन से ट्रम्प के सस्पेंडेड टैरिफ दोबारा लागू होंगे। ट्रम्प ने 2 अप्रैल को दुनियाभर के करीब 100 देशों पर टैरिफ बढ़ाने का ऐलान किया था। इसमें भारत पर 26% टैरिफ लगा। फिर 9 अप्रैल को ट्रम्प प्रशासन ने इसे 90 दिनों के लिए टाल दिया। ट्रम्प ने ये समय भारत जैसे देशों को डील पर फैसले लेने के लिए दिया है। एक सीनियर अधिकारी के हवाले से बताया कि अगर बातचीत नाकाम रहती है, तो 26% का टैरिफ स्ट्रक्चर तुरंत प्रभाव से फिर से लागू हो जाएगा।

# इजराइल को गाजा में सीजफायर का प्रस्ताव मंजूर, हमास का इंतजार

**ट्रम्प की चेतावनी- नहीं तो हालात बिगड़ जाएंगे**

**तेल अवीव ● एजेंसी**

इजराइल ने गाजा में हमास के साथ युद्धविराम प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। यह प्रस्ताव कतर की तरफ से दिया गया था। इसमें अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के विशेष प्रतिनिधि स्टीव विटकॉफ के सीजफायर प्रस्ताव की भी कुछ बातों को शामिल किया गया है।

**प्रतिनिधि**

अब इजराइल, अमेरिका और कतर को हमास के जवाब का इंतजार हैं। जेरूसलम पोस्ट ने बताया कि हमास भी जल्द इस प्रस्ताव को स्वीकार कर सकता है। उस पर कतर का बहुत ज्यादा प्रेशर है। इससे पहले ट्रम्प ने अपने ट्रुथ सोशल पोस्ट में हमास को चेतावनी देते हुए



कहा था- मुझे उम्मीद है कि हमास इस सौदे को स्वीकार कर लेगा, वरना उनके लिए हालात और खराब हो जाएंगे।

**सीजफायर प्रस्ताव के मुख्य पॉइंट**

- इस प्रस्ताव में 10 जीवित इजरायली बंधकों की रिहाई होगी।
- 18 मृत इजरायली बंधकों के शव भी लौटाए जाएंगे।
- 60 दिनों का युद्ध विराम होगा, जिसमें जंग को स्थायी तौर पर खत्म करने पर बातचीत होगी।

इजरायल के रणनीतिक मामलों के मंत्री रॉन डर्मर और स्टीव विटकॉफ की बैठक के बाद इस प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। इजराइल ने 60 दिन के युद्धविराम के बाद भी जंग खत्म करने को लेकर बातचीत जारी रखने पर सहमति दी है। हालांकि, गाजा से इजराइली सेना की वापसी को लेकर अभी बातचीत चल रही है। इजराइली विदेश मंत्री गिदोन सार ने कहा- हम बंधक रिहाई और युद्धविराम को लेकर सीरियस हैं। हमने विटकॉफ के प्रस्ताव को स्वीकार किया है।

# बांग्लादेश में शेख हसीना को छह महीने जेल की सजा

**अदालत की अवमानना की दोषी करार**

**ढाका ● एजेंसी**

बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को अदालत की अवमानना के मामले में छह महीने जेल की सजा सुनाई गई है। बांग्ला अखबार द डेली स्टार के मुताबिक अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण (आईटीसी) ने बुधवार को यह सजा सुनाई। आईटीसी ने हसीना और एक स्थानीय नेता शकील बुलबुल के बीच हुई फोन बातचीत की जांच करने के बाद यह फैसला सुनाया। यह बातचीत पिछले साल सोशल मीडिया पर वायरल हो गई थी और कई अखबारों ने भी इसे छापा था। इस कथित ऑडियो क्लिप में शेख हसीना को यह कहते



सुना गया कि उनके खिलाफ 227 मुकदमे दर्ज हैं, इसलिए उन्हें 227 लोगों को मारने का लाइसेंस मिल गया है। पिछले साल 5 अगस्त को बांग्लादेश में बड़े पैमाने पर विद्रोह के बाद शेख हसीना ने पद छोड़ दिया था और उसके तुरंत बाद भारत भाग गई थीं।

**महाराष्ट्र में कृत्रिम बारिश के जरिए 18% ज्यादा बारिश कराई जा चुकी**

# दिल्ली में प्रदूषण के खात्मे के लिए कृत्रिम बारिश होगी, अगस्त-सितंबर में 5 ट्रायल होंगे

**नई दिल्ली ● एजेंसी**

दिवाली और सर्दी के मौसम में होने वाले प्रदूषण से निपटने के लिए दिल्ली में कृत्रिम बारिश कराई जाएगी। उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने इसकी मंजूरी दी है। पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने मंगलवार को इसकी जानकारी दी।

**मंजूरी**

उन्होंने बताया कि यह ट्रायल अगस्त के आखिरी सप्ताह से सितंबर के पहले हफ्ते के बीच किया जाएगा। कुल 5 ट्रायल किए जाएंगे ताकि यह समझा जा सके कि दिवाली और सितंबर के दौरान बढ़ने वाले स्मॉग को कम करने में यह तकनीक कितनी कारगर है। यह ट्रायल आईआईटी कानपुर के सहयोग से किए जाएंगे। सरकार के मुताबिक, एक बार कृत्रिम बारिश कराने की लागत करीब 66 लाख रुपए होगी, जबकि पूरे ऑपरेशन का खर्च 55 लाख रुपए रहेगा। पूरे ट्रायल पर करीब 2 करोड़ 55 लाख रुपए का खर्च आएगा। ऐसी ही कृत्रिम बारिश यानी क्लाउड सीडिंग 2017 में महाराष्ट्र के सोलापुर में की गई थी। प्रयोग के बाद सामान्य के मुकाबले 18% ज्यादा बारिश हुई थी।



**दिल्ली के बाहरी इलाकों में ट्रायल होगा**

ट्रायल दिल्ली के बाहरी इलाकों में किया जाएगा। इसके लिए अलीपुर, बवाना, रोहिणी, बुराड़ी, पावी सड़कपुर और कुंडली बॉर्डर के इलाकों को चुना गया है। क्लाउड सीडिंग 30 अगस्त से 10 सितंबर के बीच किया जाएगा। पहले यह ट्रायल जुलाई में होना था, लेकिन मौसम वैज्ञानिकों के सुझाव पर इसे टाल दिया गया। दिल्ली की AQI 'बहुत खराब' श्रेणी में पहुंच जाती है दिल्ली में वायु गुणवत्ता सूचकांक (AQI) अक्सर 'बहुत खराब' श्रेणी में पहुंच जाता है। पहले भी कई योजनाएं बनाई गईं, लेकिन कोई स्थायी समाधान नहीं निकल पाया है। अब सरकार उम्मीद कर रही है कि कृत्रिम बारिश से राहत मिल सकती है। देश में प्रदूषण का स्तर बताने वाले सेंट्रल पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड (सीपीसीब) के मुताबिक, दिल्ली में प्रदूषण अक्टूबर-नवंबर में बेहद खतरनाक स्तर पर पहुंच गया। तब एक्यूआई 494 पार कर गया। सीपीसीबी ने इतने एक्यूआई को सीवियर+ कैटेगरी में रखा है। इस हवा में सांस लेने वाला स्वस्थ्य व्यक्ति भी बीमार हो सकता है।

**स्वामी/मुद्रक/प्रकाशक -** दीपक बुड़ाना द्वारा चैतन्य लोक ग्राफिक्स, एलयूएन-22, सेक्टर-एफ इंडस्ट्रियल एरिया, सांवेर रोड इंदौर (मध्यप्रदेश) से मुद्रित एवं 66 बी शुभम पैलेस, छोटा बांगड़दा रोड इंदौर से प्रकाशित।
**संपादक-** दीपक बुड़ाना, आर.एन.आई. नबंर - MPHIN/2014/56594 (सभी विवादों का न्यायलय क्षेत्र इंदौर रहेगा)